राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट, नोटिस, वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरांचल, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा में प्रकाशित

सुरत–गुजरात, संस्करण मंगलवार 23 मई 2023 वर्ष–6, अंक–118 पृष्ठ–08 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## फिर आसमान चीरेगा भारत का हौसला, जुलाई में लॉन्च होगा चंद्रयान 3; सीधा रूस से मुकाबला

चंद्रयान 2 में ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर थे। वहीं, इस स्पेस प्रोग्राम के तीसरे चरण में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल होगा। फिलहाल, चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग को लेकर तैयारियां जारी हैं।

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष क्षमता में लगातार इजाफा कर रहे भारत एक और उपलब्धि हासिल करने के करीब आ गया है। खबर है कि इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी ढ्ढस्त्रह्र चंद्रयान 3 लॉन्च करने के बेहद करीब है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि जुलाई के मध्य तक स्पेसक्राफ्ट को चांद की सतह के लिए रवाना कर सकता है। ढ्ढस्त्रह्र ने साल 2019 में चंद्रयान 2 लॉन्च किया था।

अंतरिक्ष विभाग के तहत आने वाली राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के बेंगलुरु स्थित मुख्यालय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने को पीटीआई-भाषा को बताया था, %चंद्रयान-3 मिशन जुलाई के दूसरे हफ्ते में निर्धारित है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि 12 जुलाई को इसे लॉन्च किया जा सकता है। इसरो के अधिकारियों के अनुसार, जहां लैंडर और रोवर पर इन वैज्ञानिक उपकरणों का दायरा चंद्रमा का विज्ञान की थीम पर काम करेंगे। वहीं एक अन्य प्रायोगिक उपकरण चंद्रमा की कक्षा से पृथ्वी के स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्रिक सिग्नेचर का अध्ययन करेगा, जो चंद्रमा से विज्ञान थीम के अनुसार होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स में अधिकारियों के हवाले से बताया जा रहा है कि अंतरिक्ष यान लूनर साउथ पोल के पास सॉफ्ट लैंडिंग की कोशिश करेगा। इतना ही नहीं चंद्रयान 3 का मुकाबला रूसी यान लूना 25 के साथ भी होगा। लूना 25 को 13 जुलाई को लॉन्च किए जाने की तैयारी की जा रही है।

बीते साल दिसंबर में अबू धाबी स्पेस डिबेट के दौरान बताया था, 2013 में भारत के मार्स ऑर्बिटर मिशन के सफल लॉन्च के अलावा, भारत ने चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के नाम से जाने जाने वाले अपने मिशन को चंद्रमा पर



भेजने का दो बार प्रयास किया है। चंद्रमा के लिए तीसरा उपग्रह मिशन, चंद्रयान-3 अगले साल लॉन्च किया जाएगा।

**चंद्रयान 2 से कैसे होगा अलग**

बताया जा रहा है कि चंद्रयान 2 में ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर थे। वहीं, इस स्पेस प्रोग्राम के तीसरे चरण में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल होगा। फिलहाल, चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग को लेकर तैयारियां जारी हैं। मार्च में ही इससे जुड़ी सभी टेस्टिंग कर ली गई हैं। चंद्रयान 3 चांद की सतह से नमूने इकट्ठे, भूकंपीय गतिविधियों को रीडिंग्स जैसे कई काम कर सकेगा।

**चंद्रयान 3 का मकसद**

चंद्रयान 3 चांद की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने की क्षमता का प्रदर्शन करेगा। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने हाल ही में कहा था, चंद्रयान 3 का मुख्य उद्देश्य लैंडिंग है। इसके लिए बहुत काम किया गया है, जिसमें नए उपकरण बनाना, बेहतर एल्गोरिद्म तैयार करना और फेलियर मोड्स का ध्यान रखना है।

### दल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के 15 फ्लाईओवर ढाई महीने में होंगे तैयार

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के 15 फ्लाईओवर ढाई महीने में तैयार हो जाएंगे। फ्लाईओवर का निर्माण होते ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) एक्सप्रेसवे के मुख्य लेन के निर्माण में तेजी लाएगा। शहर की सीमा में एक्सप्रेसवे का काम 10 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य है। दिल्ली डीएनडी फ्लाईओवर से लेकर पलवल के मंडकौला गांव तक बनाए जा रहे 59 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे का दूसरा खंड दिल्ली मीठापुर से लेकर सेक्टर-65 मलेरना मोड़ तक है। इस खंड शहर का अधिकांश हिस्सा शहर की सीमा में है। इस वजह से इसमें फ्लाईओवर और अंडरपास की संख्या भी काफी है। फिलहाल आगरा-गुरुग्राम नहर से सेक्टर-37 के सामने तक, पल्ला चौक, एत्मादपुर गांव-आईपी कॉलोनी के सामने एलिवेटेड फ्लाईओवर, सेक्टर-30 पुलिस लाइन मोड़, सेक्टर-29 मोड़, खेड़ी पुल चौक, सेक्टर-18 टी प्वाइंट, सेक्टर-17, बीपीटीपी चौक से बड़ौली मोड़ तक एलिवेटेड फ्लाईओवर, बड़ौली गांव के सामने अंडरपास, सेक्टर-75-आठ के सामने अंडरपास, सेक्टर-आठ-तीन के सामने फ्लाईओवर, बल्लभगढ़-तिगांव रोड मोड़ पर फ्लाईओवर, आईएमटी के सामने फ्लाईओवर, चंदावली मोड़ के सामने अंडरपास बनाए जा रहे हैं।

**यहां बन रहा सबसे लंबा फ्लाईओवर**

इनमें से सबसे लंबा फ्लाईओवर बीपीटीपी चौक से लेकर बड़ौली मोड़ तक बन रहा है। इस फ्लाईओवर की लंबाई 1700 मीटर है। इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य गत वर्ष शुरू हुआ था। गत वर्ष 12 मई से इस फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की वजह से सेक्टर-नौ मोड़ से लेकर बीपीटीपी चौक के बीच ट्रैफिक बंद है। उस वक्त 45 दिन के अंदर ट्रैफिक को शुरू करने के बारे में जानकारी दी गई थी। लेकिन अभी तक इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है।

## बलिया में बड़ा हादसा, गंगा में डूबी 40 लोगों से भरी नाव, 3 की मौत

**बलिया।** यूपी के बलिया में नाव पलटने से बड़ा हादसा हो गया है। बताया जा रहा है कि नाव पर सवार होकर लोग मुंडन संस्कार के लिए जा रहे थे। माल्देपुर गंगाघाट के पास ये हादसा हुआ। नाव पलटने के बाद उस पर सवार लोग गहरे पानी में डूबने लगे। बाहर निकाले गए लोगों में तीन की मौत हो चुकी है। लोगों को डूबता देख गोताखोरों ने तत्काल नदी में कूदकर उन्हें बचाना शुरू कर दिया। ज्यादातर लोगों को निकाल लेने का दावा किया जा रहा है। निकाले गए लोगों में से तीन की मौत हो गई। जबकि अन्य को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर पूरा प्रशासनिक अमला और



राहत दल मौके पर मौजूद है। मुंडन संस्कार के लिए बलिया के सुखपुरा से करीब 40 लोग गंगा घाट पर पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कुछ लोग लापता हो सकते हैं। नाव पर सवार कुछ लोग पीपा पुल की रस्सी पकड़कर बाहर निकले। नदी में तलाश अब भी जारी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कहीं अब भी कोई लापता तो नहीं है।

## सावधान! चोरी और लूटे गए वाहन चौराहों से निकलेंगे तो बजेगा अलार्म

**नोएडा।** अब चोरी हुए और लूटे गए वाहनों के चौराहों से निकलते ही नोएडा सेक्टर-94 में बने कमांड कंट्रोल सेंटर में अलार्म बजने लगेगा। इसके बजते ही पुलिस के लिए बदमाशों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इसके लिए ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीड करने वाले कैमरों के सॉफ्टवेयर को इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) सेंटर के कंट्रोल रूप में अपग्रेड कर दिया गया है। ऐसे वाहनों की नंबर प्लेट के लिए हॉट लिस्ट श्रेणी बनाई गई है। नोएडा शहर में 79 जगह 1354 कैमरे लगे हुए हैं। इनके जरिए अभी तक कैमरों के जरिए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान किए जा रहे हैं। बीते एक साल में करीब साढ़े तीन लाख वाहनों के चालान हो चुके हैं। नियम तोड़ने पर करीब तीन करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। अब एक साल बाद आईटीएमएस सिस्टम को और अपग्रेड



किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस या अन्य प्रशासनिक जरूरतों के चलते दिए जाने वाले वाहनों के नंबर आईटीएमएस कंट्रोल रूम के हॉट लिस्ट में शामिल किए जा रहे हैं। हॉट लिस्ट में शामिल वाहन जैसे ही संबंधित चौराहों से गुजरेंगे, तभी कंट्रोल सेंटर में अलार्म बजेगा। इसके साथ यह डिटेल भी कंट्रोल रूम के स्क्रीन पर आएगी कि किस उद्देश्य से यह नंबर किसके कहने पर हॉट लिस्ट में शामिल किया गया था। इस समय आईटीएमएस कंट्रोल रूम के हॉट लिस्ट में 40 कार, 26 बाइक और तीन बस के नंबर शामिल हैं। कुछ कार और बाइक अपराध से संबंधित श्रेणी में शामिल हैं। जैसे किसी बाइक सवार बदमाशों ने चेन स्नेचिंग या कोई वाहन चोरी किया, जैसे वाहन शामिल हैं।

**सफाई की गाड़ियों की भी निगरानी**

प्राधिकरण ने सफाई के काम में लगे 250 वाहनों के नंबरों की सूची भी दी है। जरूरत पड़ने पर यह जानकारी होती है कि कौन सी गाड़ी कूड़ा लेने या सफाई के लिए निकली या नहीं।

**अनाउंसमेंट भी हो रही है**

अधिकारियों ने बताया कि 82 पीए सिस्टम के जरिए चौराहों पर अनाउंसमेंट की जाती है। इसके अलावा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में चौराहों पर लगे कैमरों की मदद से लाइव प्रसारण देखा जाता है। कोई भी दिक्कत होने पर सेंटर से से ही किसी भी चौराहे से संबंधित सूचना का आदान-प्रदान होता है।

## इंस्टाग्राम 2 घंटे डाउन रहा, दुनियाभर में 1.80 लाख यूजर्स ने शिकायत की

**नई दिल्ली।** फोटो शेयरिंग ऐप इंस्टाग्राम सोमवार सुबह दो घंटे से ज्यादा समय तक डाउन रहा। सुबह करीब 3:15 बजे इंस्टाग्राम के डाउन हुआ। दुनियाभर में हजारों लोगों के ऐप में पोस्ट दिखाई देने बंद हो गए, जिसके चलते लोगों ने इसकी शिकायत करनी शुरू की। डाउन डिटेक्टर वेबसाइट के मुताबिक, सुबह 4:16 बजे सबसे ज्यादा 1.88 लाख लोगों का ऐप डाउन रहा। इंस्टाग्राम ने सुबह 5:45 बजे ट्वीट करके जानकारी दी कि तकनीकी खराबी के चलते इंस्टाग्राम डाउन हुआ था। इस खराबी को दूर कर लिया गया है और इंस्टाग्राम अब चल रहा है।




**दुनियाभर में हजारों लोगों के ऐप में पोस्ट दिखाई देने बंद हो गए, जिसके चलते लोगों ने इसकी शिकायत करनी शुरू की। डाउन डिटेक्टर वेबसाइट के मुताबिक, सुबह 4:16 बजे सबसे ज्यादा 1.88 लाख लोगों का ऐप डाउन रहा।**

यह चार दिनों में इंस्टाग्राम के डाउन होने का दूसरा मामला है। इससे पहले 18 मई को दुनियाभर में कई यूजर्स ने ऐप के न चलने की शिकायत की थी।

## 100 घंटे में 100 किमी का रोड हुआ तैयार, बना नया रिकॉर्ड, पीएम मोदी और गडकरी ने किया सेलिब्रेट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद-अलीगढ़ हाईवे (एनएच -91) पर 100 घंटे में 100 किलोमीटर बिटुमिनस कंक्रीट बिछाकर (डाबर रोड बनाकर) नया रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। इस काम में 200 रोडरोलर और करीब दो हजार से ज्यादा मजदूर लगे। सिक्स लेन हाईवे की इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सेलिब्रेट किया। इससे पहले 100 घंटे में 75 किलोमीटर रोड बनाने का रिकॉर्ड था। इस सिक्स लेन हाईवे को बनाने में खूबसूरती का बेहद ख्याल रखा गया है। हाईवे के बीचोंबीच डिवाइडर पर पूरी तरह हरियाली है। कुछ जगह डिवाइडर तो कुछ जगह साइड वॉल पर प्रॉपर लाइटिंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके




लिखा- 'एक बहुत ही महत्वपूर्ण राजमार्ग पर उल्लेखनीय उपलब्धि। यह बेहतर बुनियादी ढांचे के लिए गति और आधुनिक तरीकों को अपनाने दोनों को दिए गए महत्व को प्रकट करता है।' सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट करके कहा- 'ये उपलब्धि भारत के सड़क, बुनियादी, ढांचा उद्योग के समर्पण को बयां करती है। मैं क्यूब हाईवे, एलएंडटी और गाजियाबाद-अलीगढ़ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड की असाधारण टीमों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। गाजियाबाद-अलीगढ़ खंड 118 किलोमीटर लंबा है। ये परियोजना गाजियाबाद से शुरू होकर दादरी, गौतमबुद्धनगर, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, खुर्जा होकर गुजरती है। ये एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग के रूप में काम करता है। माल की आवाजाही को सुविधाजनक बनाता है। औद्योगिक क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, शैक्षिक क्षेत्रों को जोड़कर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में योगदान देता है।'

## भाजपा नेता ने विरोध के बाद मुस्लिम युवक से तोड़ी बेटी की शादी, बताई फैसले के पीछे की असल वजह

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पौड़ी में भाजपा नेता और पौड़ी नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम ने उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में एक मुस्लिम युवक के साथ 28 मई को होने वाली अपनी बेटी की शादी अब रद्द कर दी है। सोशल मीडिया पर शादी के कार्ड की फोटो वायरल होने से विवाद छिड़ गया था। हिंदूवादी संगठनों के भारी विरोध और ऑनलाइन प्रतिक्रियाओं के बाद बेनाम ने दूल्हे के परिवार के साथ आपसी सहमति से अपनी बेटी की शादी तोड़ने का फैसला लिया है।

पौड़ी नगर निगम के अध्यक्ष और पूर्व विधायक यशपाल ने शनिवार को मीडियाकर्मियों से कहा, 28 मई को होने वाली शादी का कार्यक्रम अब रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं नहीं चाहता था कि मेरी बेटी की शादी पुलिस और प्रशासन की सुरक्षा में हो। मैं जनभावनाओं का सम्मान करता हूं। बेनाम ने कहा कि शादी दोनों परिवारों की रजामंदी से तय हुई थी, लेकिन कुछ बातों के सामने आने के बाद इसे तोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा, मेरी बेटी की शादी एक मुस्लिम युवक से होने वाली थी। बच्चों की खुशी और भविष्य को देखते हुए दोनों परिवारों ने उनकी शादी कराने का फैसला किया था, क्योंकि यह 21वीं सदी है और हमारे बच्चे



जिससे चाहें शादी करने के लिए स्वतंत्र हैं। शादी के लिए कार्ड भी छपवाए और बांटे गए। शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शादी को लेकर कई तरह की बातें और आपत्तियां सामने आईं।

उन्होंने कहा, एक पिता होने के नाते, मैंने अपनी बेटी के प्यार को स्वीकार किया। हम दूल्हे के परिवार के साथ बैठे और उनकी शादी कराने का फैसला किया, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में, क्योंकि मैं एक जनप्रतिनिधि और नगर पालिका (नगर पालिका) अध्यक्ष भी हूं, मेरी जिम्मेदारी भी मेरे लोगों के प्रति है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि एक खुशहाल और सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे। बेनाम ने कहा कि संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें फोन किया था। इस दुनिया में हर तरह के लोग हैं। कुछ ने मुझसे विनम्रता से बात की तो कुछ ने कठोर टिप्पणी की। लेकिन उनका गुस्सा उनके हिसाब से जायज है, जैसे मेरी बेटी के लिए मेरा प्यार मेरे हिसाब से जायज हैज (दूल्हे का परिवार) अच्छे लोग हैं, और सिर्फ इसलिए कि वे मुस्लिम हैं, उनकी उपेक्षा करना अच्छी बात नहीं है। कई लोगों ने मुझे इस शादी के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इससे मेरा राजनीतिक करियर खतरे में पड़ जाएगा। लेकिन मैंने कहा कि मेरे लिए मेरी बेटी की खुशी महत्वपूर्ण है और मेरा राजनीतिक करियर अलग है। भाजपा नेता ने कहा कि विवाद बढ़ने के बाद आपसी सहमति से दोनों परिवारों ने फिलहाल शादी की रस्में नहीं करने का फैसला किया। बेनाम पहले कांग्रेस के साथ रह चुके हैं, लेकिन एक दशक पहले पार्टी छोड़ दी थी। वह 2007 में पौड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के तीरथ सिंह रावत को हराकर निर्दलीय विधायक भी रह चुके हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों बेनाम की पुत्री मोनिका तथा उत्तर प्रदेश के अमेठी निवासी मोहम्मद मोनिस की शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वहीं, विवाह कार्यक्रम रद्द होने का कोई कारण बताए बिना मोनिस के पिता रईस ने कहा कि भाजपा नेता बेनाम की बेटी के साथ 28 मई को होने वाला उनके बेटे का विवाह कार्यक्रम रद्द हो गया है।

संपादकीय

## दुनिया में स्वास्थ्य

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी ताजा सतत विकास लक्ष्य संबंधी रिपोर्ट 2023 बताती है कि सहस्राब्दी की शुरुआत के बाद से दुनिया ने स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार देखा है। यह किसी खुशखबरी से कम नहीं कि दुनिया में इस सदी में बाल मृत्यु दर आधी हो गई, मातृ मृत्यु दर एक तिहाई घट गई है। एचआईवी, तपेदिक और मलेरिया सहित कई संक्रामक रोगों में कमी आई है। गैर-संचारी या गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के चलते समय से पहले मौत का जोखिम कम हुआ है। जन्म के समय वैश्विक जीवन प्रत्याशा बढ़ी है। यह उत्साहजनक है कि दुनिया में आमतौर पर इंसान साल 2000 में 67 साल जीते थे, पर 2019 में 73 साल जीने लगे हैं। आयु में छह साल की वृद्धि दुनिया में स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता विकास का संकेत है। अब लोग सुविधाओं का लाभ उठाते हुए खुद को बचाने के प्रयास करने लगे हैं, यह प्रशंसनीय बात है। दुनिया में तंबाकू सेवन, शराब सेवन और बाल कुपोषण के मोर्चे पर भी सुधार हुआ है। वैसे एक बात यह भी गौर करने की है कि साल 2015 के बाद से स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही तेज तरक्की की रफ्तार कुछ थमी है। ऐसे में, साल 2030 तक के लिए तो सतत विकास लक्ष्य बनाया गया है, उसे पाने में कुछ परेशानी हो सकती है। एक चिंता की बात यह भी है कि दुनिया की 99 प्रतिशत आबादी अस्वास्थ्यकर स्तरों में सांस लेती है। दुनिया में मोटे लोगों की संख्या भी बढ़ रही है, इसमें तत्काल कमी आने के संकेत नहीं हैं। ऐसा लगता है कि पिछले दशक के मध्य में आर्थिक मंदी ने असर दिखाया है और स्वास्थ्य के मद में सार्वजनिक खर्च घटा है या उतना नहीं बढ़ा है, जितना उसे बढ़ना चाहिए। स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में अनेक देशों में वित्तीय कठिनाई हो रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं में असमानता लगातार कायम है। 13 से ज्यादा ऐसे देश हैं, जहां लोग स्वास्थ्य सुविधाओं तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पा रहे हैं और इन देशों में बीमारियों से मरने वालों की संख्या ज्यादा है। यह भी ध्यान देने योग्य तथ्य है कि कोरोना महामारी के चलते 2020 और 2021 में विश्व स्तर पर 14.90 करोड़ अतिरिक्त मौतें हुई हैं और 33,680 लाख वर्षों का जीवन बर्बाद हुआ है। महामारी ने स्वास्थ्य संबंधी कई संकेतकों को अमीर देशों में भी पटरी से उतार दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट इशारा करती है कि विभिन्न देशों के बीच स्वास्थ्य की असमानताओं को दूर करना बहुत जरूरी है। संक्रामक रोग एक हद तक हमारे हाथ में नहीं हैं, लेकिन गैर-संक्रामक रोगों पर लगाम जरूरी है। यह इशारा भी सावधान करता है कि संक्रामक रोग पहले नियंत्रण में थे, लेकिन रोगाणुरोधी प्रतिरोध के चलते बढ़ सकते हैं, संक्रामक रोगों से लड़ने के लिए रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखना होगा। यह क्षमता अगर कमजोर पड़ी, तो दुनिया में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुई प्रगति नाकाफी साबित होने लगेगी। हालांकि, अभी ज्यादा चिंता गैर-संक्रामक रोगों को लेकर है। गैर-संक्रामक रोगों द्वारा सालाना होने वाली मौतों का हिस्सा सभी मौतों का लगभग तीन चौथाई हो गया है और यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो 2048 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की 100वीं वर्षगांठ तक वैश्विक स्तर पर लगभग 86 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

## आज का राशीफल

**मेष** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। किसी रिश्तेदार के आगमन से मन प्रसन्न होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभ** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। खान-पान में संतुलन बना कर रखें। मकान, सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा।

**मिथुन** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। आय के नये स्त्रोत बनेंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी अपेक्षित है।

**कर्क** पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। स्थानान्तरण व परिवर्तन की दिशा में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। धन लाभ होगा।

**सिंह** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कन्या** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

**तुला** आर्थिक योजना सफल होगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार से तनाव मिल सकता है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**वृश्चिक** पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। अधीनस्थ कर्मचारी का सहयोग रहेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। फिजूलखर्ची से बचें अन्यथा कर्ज की स्थिति आ सकती है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धन हानि की संभावना है।

**मकर** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कुम्भ** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। खान पान में संयम रखें। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। आमोद प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी।

**मीन** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

# आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में अनुकूलताएं

जयंतीलाल भंडारी



इन दिनों प्रकाशित हो रही विभिन्न वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भी भारत की अनुकूल क्रेडिट रेटिंग का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। 18 मई को दुनिया की प्रमुख अमेरिका की एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत की सॉवरिन रेटिंग स्थिर परिदृश्य के साथ दीर्घावधि के लिए 'बीबीबी-' और कम अवधि के लिए 'ए-3' रखी है। यह परिदृश्य बताता है कि भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था और राजस्व में अच्छी वृद्धि राजकोष को मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही एसएंडपी ने उम्मीद जताई है कि भारत की वास्तविक वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 6 प्रतिशत रहेगी क्योंकि निवेश और उपभोक्ताओं का रुख वृद्धि में अगले कुछ साल तक मददगार रहेगा। ऐसे में वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। गौरतलब है कि 11 मई को प्रमुख वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में चुनौतीपूर्ण वैश्विक वित्तीय स्थिति के बावजूद भारत वैश्विक आर्थिक झटकों को इसलिए सरलतापूर्वक झेल जाएगा, क्योंकि भारत का चालू खाते के घाटे (सीएडी) में सुधार हुआ है। चालू खाते का घाटा कम अवधि की प्रमुख विदेशी देनदारी के रूप में पहचाना जाता है। इससे विनिमय दर और विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित होती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 9 मई को वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत की रेटिंग बीबीबी- बरकरार रखी है। दीर्घ अवधि के ऋण पर भारत का परिदृश्य स्थिर रखा है। रेटिंग निर्धारित करते हुए फिच ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों में सरकार के सहयोग से कंपनियों और बैंकों के बहीखाते में काफी सुधार हुआ है और आधारभूत संरचना के विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र भी बड़े स्तर पर निवेश करने की तैयारी कर रहा है। फिच ने कहा कि बढ़ी महंगाई, ऊंची ब्याज दरों और वैश्विक स्तर पर मांग में कमी की बड़ी चुनौतियों के बीच भारत की आंतरिक वित्तीय स्थिति थोड़ी कमजोर जरूर है और प्रति व्यक्ति आय और विश्व बैंक के मानकों पर भी भारत थोड़ा फिसला है। लेकिन दूसरे देशों की तुलना में भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं काफी मजबूत हैं और विदेश से आने वाले वित्तीय संसाधन भी संतोषप्रद हैं। निवेश की बेहतर संभावनाओं के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 6 फीसदी और वित्त वर्ष 2024-25 तक देश की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 6.7 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इसी प्रकार एक्यूट क्रेडिट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत के चालू खाते के घाटे से संबंधित अपने पूर्वानुमान को संशोधित किया है। इसे 106 अरब डॉलर से घटाकर 68 अरब डॉलर कर दिया है और भुगतान संतुलन घाटा भी पहले के 38 अरब डॉलर से घटाकर 17 अरब डॉलर कर दिया है। कहा गया है कि इस वर्ष कच्चे तेल का आयात बिल कम होने, निर्यात बढ़ने व प्रवासियों से विदेशी मुद्रा की अधिक प्राप्ति से भारत की वैश्विक साख बढ़ी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है। वर्ष 2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 फीसदी से भी अधिक का योगदान देगा। जहां पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक रही है, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 फीसदी के साथ फिर सर्वोच्च होगी। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक सामयिक मामलों के विभाग द्वारा प्रस्तुत 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं 2023' रिपोर्ट में भी भारत को उद्योग-कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का प्रमुख निवेश स्थल बताया गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत का बढ़ता विदेश व्यापार और निर्यात भारत की वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को संतोषप्रद बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आर्थिक अस्थिरताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का विदेश व्यापार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 1.6 लाख करोड़ डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का विदेश व्यापार 1.43 लाख करोड़ डॉलर रहा था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का विदेश व्यापार पिछले वर्ष की तुलना में और अधिक ऊंचाई पर पहुंच सकता है। कहा जा रहा है कि भारतीय उत्पादों की मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। भारत का वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 447.46 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले 422 अरब डॉलर था। साथ ही सेवाओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 322.72 अरब डॉलर रहा है, जो एक साल पहले 254.53 अरब डॉलर था। ऐसे में वित्त वर्ष 2022-23 में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 770.18 अरब डॉलर की सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंच गया है। बढ़ते हुए वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न का बढ़ता निर्यात भारत की दुनिया में आर्थिक व मानवीय साख बढ़ा रहा है। भारत विश्व पटल पर कृषि निर्यात के नए उभरते हुए देश के रूप में उपस्थिति दर्ज करते हुए मानवता के आधार पर दुनिया के जरूरतमंद देशों के लिए खाद्यान्न की आपूर्ति भी सुनिश्चित कर रहा है। भारत से खाद्य पदार्थों अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। सरकार के द्वारा कृषि क्षेत्र में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया गया है। सरकार ने वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर से अधिक का कृषि निर्यात किया है, वह वर्ष 2022-23 में 56 अरब डॉलर से अधिक की ऊंचाई पर है। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा प्रकाशित वैश्विक कृषि व्यापार में रुझान रिपोर्ट 2021 के मुताबिक दुनिया में कृषि निर्यात में भारत ने नौवां स्थान हासिल किया है। यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है और भारत की वैश्विक आर्थिक साख संतोषप्रद है। लेकिन अभी भी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग को सुधारने और उसे ऊंचाई देने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है। हमें देश की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना की रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ाकर देश की अर्थव्यवस्था को निर्यात प्रधान अर्थव्यवस्था बनाना होगा। दुनिया के विभिन्न देशों के साथ शीघ्रतापूर्वक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को आकार देना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा डिजिटल रुपये की जो प्रायोगिक शुरुआत हुई है, उसे अब शीघ्रता से विस्तारित करना होगा।

लेखक अर्थशास्त्री हैं।

# केन्द्र व दिल्ली सरकार के मध्य तकरार थमने का नाम नहीं

(लेखक- विनोद तकियावाला)

- दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का केस फिर पहुंचा सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र सरकार ने की फैसले पर पुनर्विचार की मांग

देश की राजधानी दिल्ली है,जिसे दिलवालों का शहर भी कहा जाता है।यूँ तो दिल्ली का अपना इतिहास है। दिल्ली हमेशा भारत की राजनीति के विश्व की राजनीति के केन्द्र में रहा है।चाहे वह विश्व के उभरते हुए तृतीय महाशक्ति में जी 20 शिखर सम्मेलन के आयोजक के रूप में।आज हम आप के समक्ष केन्द्र सरकार व दिल्ली सरकार के मध्य अपनी शक्ति को लेकर आये दिनो आपसी तकरार देखने को मिलती रहती है।हॉलाकि विगत दिनों दिल्ली केअफसरों पर किसका नियंत्रण होगा,इसका फैसला भले ही माननीय सर्वोच्य न्यायलय ने कर दिया था,लेकिन केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार के मध्य आपसी तकरार खत्म होने का नाम नही ले रही है।एक बार फिर से यह मामला एक बार फिर से सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायलय के फैसले के खिलाफ एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की है। आप को बता दे कि केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर 11 मई के फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है।केंद्र सरकार का यह कदम ऐसे वक्त में आया है,जब एक दिन पहले ही केंद्र सरकार ने एक अध्यादेश जारी किया है,जिसे लेकर एक बार फिर से केन्द्र सरकार व दिल्ली सरकार के बीच तकरार बढ़ती दिख रही है।आप को पता है कि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट के संवैधानिक पीठ ने दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दिया था।दरअसल,केंद्र सरकार ने 'दानिक्स' काडर के 'ग्रुप-ए'अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए 'राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण' गठित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक अध्यादेश जारी किया था।इस अध्यादेश जारी किए जाने से महज एक सप्ताह पहले ही सुप्रीम कोर्ट के संबैधानिक पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस,कानून-व्यवस्था और भूमि को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार को सौंप दिया था।हालांकि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अध्यादेश आने से पहले ही शुक्रवार को दिन में यह आरोप लगाया था कि केन्द्र उच्चतम न्यायालय के फैसले को पलटने के लिए एक अध्यादेश जारी करने की योजना बना रही है।

केन्द्र द्वारा लाये गये इस अध्यादेश में कहा गया है कि 'राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा आयोग नाम का एक आयोग होगा,जो उसे प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करेगा और उसे सौंपी गई। जो अपनेजिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा।इस आयोग में दिल्ली के मुख्यमंत्री उसके अध्यक्ष होंगे।मुख्य मंत्री के अलावे इसमें मुख्य सचिव और प्रधान सचिव (गृह)सदस्य होंगे।इस अध्यादेश में कहा गया है कि आयोग द्वारा तय किए जाने वाले सभी मुद्दों पर फैसले उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के बहुमत से होगा।आयोगकी सभी सिफारिशों का सदस्य सचिव सत्यापन करेंगे।इस अध्यादेश में कहा गया है कि आयोग उसके अध्यक्ष की मंजूरी से सदस्य सचिव द्वारा तय किए गए समय और स्थान पर बैठक करेंगे।इसमे में कहा गया है।आयोग की सलाह पर केन्द्र सरकार जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु इसके(प्राधिकरण के)लिए आवश्यक अधिकारियों की श्रेणी का निर्धारण करेगी और आयोग को उपयुक्त अधिकारी और कर्मचारी उपलब्ध कराएगी।इसमें कहा गया है,वर्तमान में प्रभावी किसी भी कानून के बावजूद राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण 'ग्रुप-ए' के अधिकारियों और दिल्ली सरकार से जुड़े मामलों में सेवा दे रहे 'दानिक्स' अधिकारियों के तबादले और पदस्थापन की सिफारिश कर सकेगा।लेकिन वह अन्य मामलों में सेवा दे रहेअधिकारियों के साथ ऐसा नहीं कर सकेगा।केन्द्र सरकार द्वारा जारी अध्यादेश पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी(आप)ने इसे उच्चतम न्यायालय के साथ 'छलावा' करार दिया है। जिसने 11 मई के अपने आदेश में दिल्ली सरकार में सेवारत नौकरशाहों का नियंत्रण इसके निर्वाचित सरकार के हाथों में सौंपा था।सर्वोच्च न्यायालय ने सिर्फ पुलिस,कानून-व्यवस्था और भूमि को इसके दायरे से बाहर रखा था। जीएनसीटीडी बिल में संशोधन कर जारी अध्यादेश में कहा गया है कि दिल्ली एक केंद्र शासित प्रदेश के साथ विधायिका के साथ है।

केन्द्र सरकार की ओर तर्क दिये गये है कि दिल्ली में देश-विदेश से जुड़े कई संस्थान हैं,जिनकी सुरक्षा का इंतजाम केंद्र सरकार के हाथ में होना जरूरी है।यह देश की छवि को दुनियाभर में अच्छे से प्रदर्शित करने के लिए जरूरी फैसला है।अब केंद्र सरकार ने शुक्रवार( 19मई)को एक अध्यादेश के जरिये सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया।केंद्र सरकार एक अध्यादेश लेकर आई है,जिसके जरिये दिल्ली में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार केजरीवाल सरकार की बजाय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पास ही रहेंगे। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट से प्रशासनिक मामलों में केजरीवाल सरकार को मिली बड़ी जीत इस अध्यादेश के बाद किसी काम की नहीं रही है। आपको बता दे कि यह पहला मौका नहीं है जब केंद्र सरकार की ओर से अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट दिया है।21मार्च2018 को सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जातिऔरअनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम(SC/STएक्ट)के दुरुपयोग को देखते हुए दर्ज मामलों में तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी।इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने फैसला देते हुए कहा था कि सरकारी कर्मचारियों की गिरफ्तारी सिर्फ सक्षम अधिकारी की इजाजत के बाद ही हो सकती है।सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ देशभर में अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों ने 2 अप्रैल को भारत बंद का आह्वान किया था।जो बाद में एक उग्र प्रदर्शन में बदल गया और इस प्रदर्शन में एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों में गुस्से को देखते हुए केंद्र सरकार ने एस सी-एस टी एक्ट में सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए बदलावों को वापस ले लिया।इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से एक अध्यादेश लाया गया। जिसे कैबिनेट मीटिंग में मंजूरी दे दी गई।वहीं10 फरवरी 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी कानून में संशोधन के खिलाफ लगी याचिकाओं को खारिज कर केंद्र सरकार के फैसले पर मुहर लगा दी थी।फिलहाल न्यायलय की ग्रीष्म कालीन अवकाश प्रारम्भ हो गया है। हमारे लोकतंत्र की इतिहास में विधायिका,कार्यपालिका व न्यायपालिका अनोखा सामंजस्य का स्थापित करने के लिए संविधान निर्माताओं द्वारा प्रावधान किया गया है।

लेकिन आये दिनों खास तीनो के बीच तरकार की स्थिति देखने को मिलाता रहता है।जो कि लोकतंत्र के लिए एक खतरे की घंटी है।खैर केन्द्र व दिल्ली की जनता के द्वारा चुनी गई बहुमत की केजरीवाल सरकार को अपने अधिकार क्षेत्र के लिए इंतजार अभी करना पड़ेगा!

# केंद्रीय मंत्रालयों में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की संयुक्त सचिव और निदेशक के पद पर नियुक्ति

(लेखक-सनत कुमार जैन)

केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के पद पर निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति देने का फैसला किया है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग से केंद्र सरकार के 12 मंत्रालयों के लिए लेटरल एंट्री मोड में भर्ती करने को कहा है। अर्थात निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों की नियुक्ति सीधे उप सचिव, निदेशक और संयुक्त सचिव पद के लिए अनुबंध के आधार पर हो सकेगी। अभी तक इन पदों में भारतीय सेवा के ग्रुप ए के अधिकारियों को नियुक्त किया जाता था। अब इन पदों पर निजी क्षेत्र के योग्य व्यक्तियों को कांटेक्ट आधार पर रखा जाएगा। इसके लिए संघ लोक सेवा आयोग ने 30 मई से 19 जून के बीच आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा यह भर्तियां कृषि और किसान कल्याण, नागरिक उड्डयन, रसायन और पेट्रोकेमिकल, रसायन और उर्वरक, कारपोरेट मामलों के मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, भारी उद्योग मंत्रालय इत्यादि में नियुक्त किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने 2018 में पहली बार निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सीधे संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्ति दी थी। इसके बाद अक्टूबर 2021 में भी केंद्र सरकार की सिफारिश पर 31 उम्मीदवारों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था। यह तीसरा मौका है, जब निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सीधे केन्द्र सरकार के उच्च पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। अभी तक केंद्रीय मंत्रालय में उप सचिव, निदेशक और संयुक्त सचिव के रूप में भारतीय सेवा के अधिकारी ही प्रमोशन के द्वारा नियुक्त होते आ रहे थे। इन्हें 10 से 15 साल का प्रशासनिक एवं नीतिगत अनुभव होता था। लेकिन 2018 के बाद से निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को नियुक्ति दी जा रही है। जिसके कारण भारतीय प्रशासनिक तंत्र में बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई है। भारतीय सेवा के विभिन्न संवर्ग के अधिकारियों में नवीन व्यवस्था को लेकर नाराजी देखने को मिल रही है। सरकारी अधिकारियों के प्रमोशन नहीं हो रहें हैं। जिस तरह की स्थितियां सरकार की हैं। उनके विवाद न्यायालयों में जिस तरीके से लंबित हैं। किसी भी मामले में कोई स्पष्ट निर्णय न्यायालय से भी नहीं हो पा रहा है। हर और भय का वातावरण बना हुआ है। पिछले 65-70 सालों में जो व्यवस्थाएं बनी थी। वह धीरे-धीरे टूटती हुई चली जा रही हैं। व्यवस्था बनने में बहुत समय लगता है। लेकिन एक बार व्यवस्था बिगड़ जाए, तो उसको बनाने में फिर कई दशक लग जाते हैं। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय और सरकार इस मामले में गंभीर नजर नहीं आती है। निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों को यदि शीर्ष पदों पर लाना है, तो उसके लिए भी कोई कैडर अथवा पद इत्यादि का वर्गीकरण नहीं किया गया है। अमेरिका एवं ब्रिटेन जैसे देशों में जो मंत्री बनाये जाते हैं। वह इन्ही विषयों के विशेषज्ञ होते हैं। वहॉ पर उनकी कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारी भी होती है। भारत में ऐसा कोई नियम नहीं है। यहॉ मंत्री पद बिना किसी विशेषज्ञता के मिल जाता है। ऐसी स्थिति में मंत्री अथवा निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ जिन्हे अनुबंध के आधार पर कुछ ही वर्षों के लिए रखा गया है। कोई गडबड़ी होगी तो जिम्मेदारी किसकी होगी। यह तय नहीं है। तुगलकी फरमान की तरह सरकार के आदेश होते हैं। सभी संस्थाएं आदेशों का क्रियान्वयन करने लगती हैं। जिम्मेदारी अब किसी की नहीं होगी। यह चिंता का विषय है।

## चार महीने के अंदर आराम से बैंक जाकर बदलें 2 हजार के नोट



**नई दिल्ली।**

आरबीआई ने कहा है कि चार महीने का समय है, आराम से बैंक जाकर 2 हजार रुपये के नोटों को बदल लें। गौरतलब है कि 19 मई को, भारतीय रिजर्व बैंक ने 2,000 के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई द्वारा 2000 रुपए के नोट पर लिए गए फैसले पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मैं स्पष्ट करता हूं और फिर से जोर देता हूं कि यह रिजर्व बैंक के मुद्रा प्रबंधन संचालन का एक हिस्सा है, लंबे समय से, रिजर्व बैंक एक स्वच्छ नोट नीति का पालन कर रहा है। समय-समय पर समय, आरबीआई एक विशेष श्रृंखला के नोटों को वापस लेता है और नए नोट जारी करता है। हम 2000 रुपये के नोटों को संचलन से वापस ले रहे हैं लेकिन वे कानूनी निविदा के रूप में जारी हैं। 4 महीने का समय दिया गया है कोई जल्दबाजी की जरूरत नहीं है इसलिए आप आराम से बैंक जाए और 2000 रुपए बदले। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमने अपने प्रेस नोट में स्पष्ट रूप से बताया है कि 2000 रुपये के नोट मुख्य रूप से पैसे के मूल्य को जल्दी से भरने के उद्देश्य से जारी किए गए थे, जो सिस्टम से निकाले जा रहे थे, जब 1000 रुपये और 500 रुपये के नोटों की कानूनी निविदा स्थिति थी। उन्होंने बताया उद्देश्य पूरा हो गया है, आज प्रचलन में अन्य मूल्यवर्ग के पर्याप्त नोट हैं। यहां तक कि 2000 रुपये के नोटों का चलन भी, जैसा कि हमने बताया है, 6 लाख 73,000 करोड़ के अपने चरम से घटकर लगभग 3 लाख 62,000 करोड़ हो गया है। छपाई भी बंद कर दी गई है। नोटों ने अपना जीवन चक्र पूरा कर लिया है।



## चीन का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 3.3 प्रतिशत गिरा

**बीजिंग ।** कोरोना महामारी के बाद के आर्थिक सुधार के हिस्से के रूप में बीजिंग विदेशी निवेशकों को सक्रिय रूप से लुभाने के बावजूद, चीन का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) साल के पहले चार महीनों में कम हुआ। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-अप्रैल की अवधि में देश का वास्तविक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 73.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो एक साल पहले की तुलना में 3.3 प्रतिशत कम है। आंकड़े बताते हैं कि बीजिंग के पास अभी भी विदेशी निवेशकों को लुभाने के लिए बहुत काम है, जो चीन की प्रौद्योगिकी तक पहुंच के मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, धन और प्रबंधन विशेषज्ञता, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तनाव के रूप में और राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर वित्त और उचित परिश्रम फर्मों पर बीजिंग के छापे के रूप में निवेशक समुदाय में चिंताएं बढ़ी हैं। चीन ने 2023 के पहले दो माह में 39.71 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त किया, जो साल-दर-साल 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मंत्रालय ने हालांकि पहली तिमाही के लिए अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में एफडीआई के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए।

## रुपया गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया गिरावट पर बंद हुआ। रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ ही 82.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। विदेशों में डॉलर में मजबूती आने से भी रुपये में ये गिरावट आई है। घरेलू शेयर बाजार में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी रुपये की गिरावट पर कुछ हद तक अंकुश लगा है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 82.80 प्रति डॉलर पर खुलने के बाद कारोबार के अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की गिरावट के साथ ही 82.85 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 82.70 के उच्चस्तर तक जाने के बाद 82.85 के निचले स्तर तक आया। वहीं गत कारोबारी सत्र में रुपया 82.67 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। दूसरी ओर विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी नीचे आकर 103.10 पहुंच गया।

## ड्राइवर को नींद या फिर झपकी आने पर वार्निंग अलार्म देगी वॉल्वो ईएक्स 30 ईवी

### 7 जून को भारतीय बाजार में उतरेगी

मुंबई । वॉल्वो 7 जून को अपनी इलेक्ट्रिक कार ईएक्स 30 को लेकर आ रही है। कंपनी ने टीजर शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। इस इलेक्ट्रिक कार में कई फीचर्स दिए जा सकते हैं। कयास हैं कि कंपनी कार में कुछ ऐसी एडवांस फैसिलिटी देगी, जो उस समय काम करेगा जब ड्राइव को नींद या झपकी आएगी। इसके अलावा चलते हुए अगर कार का गेट खुला, तब वार्निंग अलार्म के जरिए इसके ड्राइवर को संकेत मिल जाएंगे। वॉल्वो ईएक्स 30 डोर ओपनिंग अलर्ट से लैस होगी, जो आने वाले लोगों को विजुअल और ऑडियो संकेतों के जरिए चेतावनी देगी, जब भी आप किसी साइकिल सवार या अन्य ट्रैफिक यूजर्स के सामने दरवाजा खोलने वाले हों। इस तरह से कई दुर्घटनाएं होने से बच जाएंगी। वॉल्वो ईएक्स 30 इलेक्ट्रिक एसयूवी सिग्नेचर वर्टिकल डिजाइन और आकर्षक टेललाइट्स के साथ पेश की जाएगी। टीजर में ये दिखाया गया था। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी का आकार भी सी 40 और एक्ससी 40 रिचार्ज एसयूपीएस से मिलता-जुलता हो सकता है।

## टाटा मोटर्स ने अल्ट्रोज का सीएनजी संस्करण उतारा

### कीमत 7.55 लाख रुपये से शुरू

**मुंबई ।** टाटा मोटर्स ने अपनी प्रीमियम हैचबैक अल्ट्रोज का सीएनजी संस्करण पेश किया। इसकी शोरूम कीमत 7.55 लाख रुपये से शुरू होगी। टाटा मोटर्स ने कहा कि अल्ट्रोज आईसीएनजी 7.55 लाख रुपये और 10.55 लाख (शोरूम कीमत) के बीच छह संस्करणों में उपलब्ध होगी। कंपनी के बयान के मुताबिक, यह गाड़ी 'ट्विन-सिलेंडर सीएनजी तकनीक और अन्य उन्नत सुविधाओं जैसे वॉयस-असिस्टेड इलेक्ट्रिक सनरूफ, वायरलेस चार्जर और एयर प्यूरिफायर से लैस है। कंपनी ने कहा कि ट्विन-सीएनजी सिलेंडर संरक्षित वॉल्व और पाइप के साथ लगेज एरिया के नीचे स्थित हैं, जिससे नुकसान का जोखिम कम होता है। टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने कहा कि ग्राहक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा अनुभव चाहते हैं और वह सीएनजी की व्यापक उपलब्धता के कारण इस वैकल्पिक ईंधन को चुन रहे हैं। टाटा मोटर्स ने पिछले साल जनवरी में टियागो और टिगोर का सीएनजी संस्करण उतारा था।

## जेट एयरवेज बैंक गारंटी मामले में 30 मई को आएगा आदेश

### एनसीएलएटी ने सुनवाई पूरी की

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले चार साल से बंद चल रही एयरलाइन जेट एयरवेज के मामले में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) 30 मई को आदेश पारित करेगा। जेट एयरवेज के लिए निर्णायक बोली लगाने वाले जालान-कालरॉक गठजोड़ ने अपीलीय न्यायाधिकरण से अपील की थी कि प्रमुख कर्जदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 150 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी भुनाने से रोक दिया जाए। जेट एयरवेज के कर्जदाताओं और जून, 2021 में दिवाला समाधान बोली जीतने वाले जालान-कालरॉक गठजोड़ के बीच विवाद बढ़ता ही जा रहा है। बैंक गारंटी भुनाने का मामला भी इसी की एक कड़ी है। एनसीएलएटी की दो-सदस्यीय पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अंतरिम अर्जी पर सुनवाई पूरी कर अपना आदेश 30 मई को सुनाने की बात कही। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि दोनों ही पक्षों को कर्ज समाधान योजना लागू करने के लिए कदम उठाने चाहिए। कर्ज में फंसी एयरलाइन जेट एयरवेज का परिचालन 18 अप्रैल, 2019 से ही बंद है। इसके खिलाफ जून, 2019 में दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू हुई थी और जालान-कालरॉक गठजोड़ के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। हालांकि, अभी तक कर्ज समाधान योजना को लागू नहीं किया जा सका है।



# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 234 अंक , निफ्टी 111 अंक उछला




**मुंबई ।**

शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीददारी) से आई है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी उछाल से बाजार ऊपर आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 234 अंक करीब 0.38 फीसदी ऊपर आकर 61,963.68 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान बाजार 314.78 अंक तक ऊपर आया था। दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 111 अंक तकरीबन 0.61 फीसदी बढ़कर 18,314.40 अंक पर बंद हुआ। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 19 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। टेक महिंद्रा के शेयर करीब 3.03 फीसदी तक ऊपर आये। इसके अलावा विप्रो, टीसीएस, एचसीएल टेक और इंफोसिस सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयरों में रहे। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में से 11 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। इसमें नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर रहे। सबसे ज्यादा नुकसान नेस्ले इंडिया के शेयरों को 1.01 फीसदी तक का हुआ। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद अडानी समूह की सभी 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर ऊपर आये हैं। समिति ने कहा है कि अडानी समूह के शेयरों के भाव में हेराफेरी का उसे कोई साक्ष्य नहीं मिला है। इसके साथ ही अडानी समूह की कंपनियों में विदेशी कंपनियों के निवेश में हुए कथित उल्लंघन की अलग से हुई सेबी की जांच में कुछ गड़बड़ी नहीं पायी गयी। समूह की कंपनियों में अडानी एंटरप्राइजेज सर्वाधिक 18.84 फीसदी और अडानी विल्मर के शेयर 10 फीसदी बढ़े। इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ खुला। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीददारी) हावी होने से आई है। बाजार में आज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों (आईटी) व रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में खरीददारी से तेजी आई। वहीं आज प्री-ओपनिंग में बाजार में गिरावट रही। सुबह सेंसेक्स 328.93 अंक यानी 0.53 फीसदी की गिरावट के साथ 61,400.75 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 101.40 अंक करीब 0.56 फीसदी नीचे आकर के साथ 18,102.00 के स्तर पर कारोबार कर रहा था । वहीं अन्य एशियाई बाजारों की बात करें तो बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग में तेजी रही।

# गो फर्स्ट को एनसीएलएटी से मिली राहत




**नई दिल्ली ।**

बजट एयरलाइंस गो फर्स्ट के लिए सोमवार का दिन राहत भरा रहा। कंपनी को एयरक्राफ्ट पर किराये पर देने वाली कंपनियों ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) से दिवाला प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कही थी लेकिन एनसीएलएटी ने मामले में गो फर्स्ट को मिली राहत बरकरार रखी है। गो फर्स्ट ने खुद को दिवालिया घोषित करते हुए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) का रुख किया था। कंपनी ने एनसीएलटी से आग्रह किया था कि उसके खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू किए जाने से राहत दी जाए, जिसे मान लिया गया और कंपनी को अपने आप को रिवाइव करने के लिए थोड़ा समय दे दिया गया।

हालांकि गो फर्स्ट को एयरक्राफ्ट किराये पर देने वाली कंपनियां यहां नहीं रुकीं। उन्होंने एनसीएलटी के इस 'रोक के फैसले को चुनौती देकर एनसीएलएटी से अपील की कि गो फर्स्ट के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू की जाए। कंपनी अपने विमानों को कंपनी से वापस पाना चाहती हैं, लेकिन एनसीएलएटी ने एनसीएलटी के फैसले को बरकरार रखा है। गो फर्स्ट को एयरक्राफ्ट किराये पर देने वालों एसएमबीसी एविएशन कैपिटल और सीडीबी एविएशन की जीवाई एविएशन लीजिंग कंपनी शामिल हैं। इन्होंने ही एनसीएलएटी का रुखकर गो फर्स्ट से अपने एयरक्राफ्ट वापस दिलाने की अपील की थी लेकिन एनसीएलएटी में कंपनियों की दलील काम ही नहीं आई। एनसीएलएटी ने इन लीज कंपनियों की याचिका निपटान करते हुए कहा कि वह अपनी बात एनसीएलटी के सामने ही रखें। ये कंपनियां अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के सामने अपनी बात रख सकती हैं, क्योंकि उन्हें कंपनी के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।

## सोने और चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 120 रुपये नीचे आर 60,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर चांदी भी 500 रुपये टूटकर 73,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बाजार जानकारों के अनुसार सोने की हाजिर कीमत 120 रुपये की गिरावट के साथ 60,580 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। वहीं विदेशी बाजारों में सोना 1,978 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया जबकि चांदी भी नीचे आकर 23.87 डॉलर प्रति औंस रह गई। वहीं कॉमेक्स में सोमवार को सोना एशियाई कारोबारी घंटों में कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा था।



# बीते वित्त वर्ष में एक लाख करोड़ पहुंचा सरकारी बैंकों का मुनाफा




**नई दिल्ली ।**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का मुनाफा बीते वित्त वर्ष (2022-23) में सामूहिक रूप से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। इसमें लगभग आधी हिस्सेदारी देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रही। पीएसबी के वित्तीय परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले कुछ साल में बैंकों ने लंबा रास्ता तय किया है। पीएसबी ने 2017-18 में 85,390 करोड़ रुपए का कुल शुद्ध घाटा दर्ज करने के बाद 2022-23 में 1,04,649 का मुनाफा कमाया है। इन 12 सरकारी बैंकों का मुनाफा 2021-22 के 66,539।98 करोड़ रुपए की तुलना में 57 प्रतिशत बढ़ा है। प्रतिशत में देखें तो पुणे के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का मुनाफा सबसे अधिक 126 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,602 करोड़ रुपये रहा है। इसके बाद यूको ने 100 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,862 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा ने 94 प्रतिशत के साथ 14,110 करोड़ रुपये मुनाफा कमाया है। कुल मिलाकर एसबीआई का सालाना लाभ 59 प्रतिशत वृद्धि के साथ बीते वित्त वर्ष में 50,232 करोड़ रुपए रहा है। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को छोड़कर अन्य पीएसबी ने शुद्ध लाभ में प्रभावी वृद्धि दर्ज की। पीएनबी का शुद्ध लाभ 2021-22 के 3,457 करोड़ रुपए से 27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,507 करोड़ रुपए रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा सालाना लाभ कमाने वाले सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा (14,110 करोड़ रुपए) और केनरा बैंक (10,604 करोड़ रुपए) भी शामिल हैं।

# टीसीएस को बीएसएनएल से मिला 4जी नेटवर्क लगाने 15 हजार करोड़ का ठेका




**मुंबई ।**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की अगुवाई वाले गठजोड़ को भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) से 4जी नेटवर्क लगाने का 15,000 करोड़ रुपए का ठेका मिला है। टीसीएस ने सोमवार को बयान में कहा कि उसे बीएसएनएल से 15,000 करोड़ रुपए का 'अग्रिम खरीद ऑर्डर मिला है। इस घोषणा के साथ ही कई महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। टीसीएस शुरुआत से इस सौदे की दौड़ में आगे थी। हम आपको बता दें कि टीसीएस देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक है। कंपनी की कुल आमदनी में घरेलू बाजार की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक है। बीएसएनएल मुंबई और नई दिल्ली को छोड़कर देशभर में फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराती है। निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियां पहले से 4जी सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं और कुछेक ने चुनिंदा क्षेत्रों में 5जी पेशकश भी शुरू कर दी है।

## यूपी में जबरदस्त 107.29 लाख टन चीनी उत्पादन, महाराष्ट्र को भी पीछे धकेला


**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश ने इस वर्ष जबरदस्त चीनी उत्पादन किया है। इस दौड़ में यूपी ने महाराष्ट्र को भी पीछे धकेल दिया है। साल 2022-23 के पेराई सत्र में चीनी उत्पादन में महाराष्ट्र से आगे यूपी रहा है, जबकि इस सत्र में राज्य में संचालित 118 चीनी मिलों के मुकाबले महाराष्ट्र में 210 चीनी मिलें परिचालन में थीं। उत्ते तर प्रदेश के गन्ना विकास और चीनी मिल मामलों के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि जहां तक चीनी के उत्पादन की बात है तो उत्तर प्रदेश कई अन्य कारकों के साथ महाराष्ट्र से आगे है। चौधरी ने आगे कहा कि चीनी सत्र 2022-23 में उत्तर प्रदेश की ओर से उत्पादित कुल चीनी 107.29 लाख टन है (जिसमें 3.05 लाख टन खांडसारी शामिल है), जबकि महाराष्ट्र में 105.30 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। महाराष्ट्र में 14.87 लाख हेक्टेयर की तुलना में उत्तर प्रदेश में गन्ने की खेती का क्षेत्र 28.53 लाख हेक्टेयर (भारत में अधिकतम) है। पेराई का मौसम अक्टूबर से जून तक होता है। चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गन्ने का उत्पादन 2,348 लाख टन रहा, जबकि महाराष्ट्र में यह 1,413 लाख टन था। उन्होंने कहा कि 2022-23 के सत्र में उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों की ओर से कुल गन्ने की पेराई 1,084.57 लाख टन थी, जबकि महाराष्ट्र में यह 1,053 लाख टन रही।

चीनी मामलों के मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 19.84 लाख टन चीनी को एथनॉल में बदला गया, जबकि इसकी तुलना में महाराष्ट्र में यह आंकड़ा सिर्फ 15.70 लाख टन रहा। दोनों राज्यों में स्थापित चीनी मिलों की संख्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में स्थापित 246 चीनी मिलों की तुलना में उत्तर प्रदेश में स्थापित चीनी मिलों की संख्या 157 है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 118 की तुलना में महाराष्ट्र में 210 चीनी मिलें परिचालन में हैं। उन्होंने कहा कि 2022-23 सत्र में किसानों को 28,494.32 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है और लगभग 80 चीनी मिलें हैं, जिन्होंने काम बंद होने के एक सप्ताह के भीतर 100 प्रतिशत भुगतान कर दिया है। चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों और प्राथमिकताओं के तहत पिछले छह वर्षों में चीनी मिलों ने 2,11,700 करोड़ रुपये (किसानों को) का भुगतान किया है। पिछली सरकारों के कार्यकाल में 12 चीनी मिलें बेची गईं, जबकि 18 चीनी मिलें बंद थीं। उन्होंने कहा कि 2017 में राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने नई मिलें खोली हैं और कुछ मिलों की क्षमता बढ़ाई है।

## अदानी ग्रुप के शेयरों में बंपर उछाल, 4 कंपनियों में लगा अपर सर्किट

### अदानी ग्रुप के कंपनियों के शेयर्स में 5 से 8 फीसदी की बढ़त




**नई दिल्ली ।**

गौतम अदानी के शेयरों में आज सोमवार को बंपर तेजी आई है। अदानी ग्रुप की सभी 10 कंपनियों के शेयर आज उछाल के साथ खुले हैं। ग्रुप की 4 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा हुआ है। गौतम अदानी की सभी कंपनियों के शेयर हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। शेयरों में तेजी के बीच गौतम अदानी की नेटवर्थ में भी इजाफा हुआ है। अदानी के शेयरों में यह उछाल हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए गठित सुप्रीम कोर्ट की समिति की रिपोर्ट सामने आने के बाद से दिख रहा है। अदानी के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखी जा रही है।

गौतम अदानी की 4 कंपनियों के शेयरों में आज अपर सर्किट लगा है। अदानी पॉवर के शेयर आज बढ़त के साथ खुले हैं। शेयरों में 5 फीसदी का बंपर उछाल देखा जा रहा है। अदानी टोटल गैस के शेयर भी 5 फीसदी के उछाल के साथ अपर सर्किट पर लगे हुए हैं। अदानी ट्रांसमिशन के शेयरों में निवेशकों की भारी खरीदारी देखने को मिल रही है। यह शेयर 5 फीसदी के उछाल पर है। एनडीटीवी के शेयर भी अपर सर्किट पर लगे हुए हैं। इनमें भी 5 फीसदी की तेजी देखी जा रही है।

अदानी की फ्लैगशिप कंपनी अदानी एंटरप्राइजेज के शेयर 7 फीसदी से ज्यादा के उछाल के साथ 2102 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। अदानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिल रही है। यह शेयर 942 रुपये के लेवल पर कारोबार कर रहे हैं। अदानी पोर्ट्स के शेयरों में भी चार फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। यह शेयर 719 रुपये के स्तर पर है। अदानी विल्मर के शेयरों में 8 फीसदी से ज्यादा की बढ़त देखने को मिल रही है। यह शेयर 437 रुपये के स्तर पर है। अंबुजा सीमेंट और एसीसी के शेयरों में भी तेजी देखने को मिल रही है।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# आईपीएल के पहले क्वालीफायर में आज होगा सीएसके और टाइटंस में मुकाबला

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) का मुकाबला हार्दिक पांड्या की गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में जीत के लिए दोनो ही टीमें पूरी ताकत लगा देंगी। लीग मुकाबलों में दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। सीएसके को इस मैच में अपने घरेलू हालात का लाभ मिलेगा। इसके अलावा उसके पास महेन्द्र सिंह धोनी का बेहतरीन कप्तान है। सीएसके के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं पर उसे गुजरात के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पर अंकुश लगाना होगा। शुभमन ने अबतक इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अंतिम लीग मैच में शुभमन के शतक से ही गुजरात ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) को हराकर प्लेऑफ से बाहर कर दिया था। ऐसे में सीएसके के खिलाफ मैच में इस युवा बल्लेबाज पर सभी की नजरें रहेंगी। गुजरात टाइटंस ने इस सत्र में चेपॉक पर एक भी मैच नहीं खेला है जो उसका कमजोर पक्ष है। वहीं सीएसके ने यहां सात मैच खेले हैं पर प्रत्येक मैच में पिच अगल तरीके से पेश आई। इसलिए यह अंदाजा लगाना कठिन है कि इस मैच में पिच किस प्रकार का व्यवहार करेगी।

यह मैच इसलिए भी अहम बन गया है क्योंकि गुजरात की फ्रेंचाइजी की रणनीति भी सीएसके की तरह ही है। उसमें भी अधिकतर फैसले कप्तान और कोच के ही रहते हैं। टीम के कप्तान हार्दिक का तरीका भी धोनी से मिलता-जुलता है वह भी शांत रहकर खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। गुजरात की टीम भी सीएसके की तरह अंतिम एकादश में बहुत अधिक बदलाव नहीं करती है।

इस मैच में गुजरात के लिए चेपॉक की धीमी पिच पर खेलना एक परीक्षा की तरह होगा। इसके अलावा उनके लिए पावर प्ले में दीपक चाहर की गेंदबाजी और अंतिम ओवरों में स्पिनर मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा से निपटना भी एक बड़ी चुनौती रहेगी।

शनाका को ऑलराउंडर के तौर पर उपयोग किया जा सकता है पर टॉस को देखते हुए बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर को भी आजमाया जा सकता है वह यहां के हालातों से अच्छी तरह परिचित हैं। वहीं आयरलैंड के जोशुआ लिटिल को भी अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। बल्लेबाजी की बात करें तो सीएके के लिए डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड अच्छी शुरुआत कर सकते हैं। यहां अजिंक्य रहाणे ओर आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे पर भी गुजरात के गेंदबाजों को अंकुश लगाना होगा। वहीं देखना होगा कि सीएससे के बल्लेबाज गुजरात के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर राशिद खान का किस प्रकार सामना करते हैं।




इस मैच में पिच कर सपाट रहती है तो ऐसे में स्पिनर खतरनाक साबित हो सकते हैं। सीएसके के पास जहां रविंद्र जडेजा, मोईन अली और तीक्ष्णा जैसे अच्छे स्पिनर हैं। वहीं टाइटंस के पास राशिद और नूर अहमद जैसे स्पिनर हैं। गुजरात की बल्लेबाज शुभमन के अलावा हार्दिक, साईं सुदर्शन और रिद्धिमान साहा पर आधारित रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो दोनो ही टीमों में काफी अच्छे खिलाड़ी हैं ऐसे में यह मैच रोमांचक होना तय है।

## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**चेन्नई सुपर किंग्सः** एमएस धोनी (कप्तान एवं विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा।

**गुजरात टाइटन्सः** हार्दिक पांड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

# मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग में खिताबी हैट्रिक बनाई



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** मैनचेस्टर सिटी ने अपने घरेलू मैदान पर चेल्सी 1-0 से पराजित करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरा खिताब जीता। मैनचेस्टर सिटी का यह पिछले छह सत्र में पांचवां खिताब है और वह एक सत्र में तीन खिताब जीतने की तरफ बढ़ रहा है। उसे अभी एफए कप के फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड और चैंपियंस लीग के खिताबी मुकाबले में इंटर मिलान का सामना करना है। मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने कहा,'' सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक कहलाने के लिए हमें यूरोप को जीतना होगा, हमें चैंपियंस लीग जीतनी होगी।'' चेल्सी के खिलाफ जीत से मैनचेस्टर सिटी का सभी प्रतियोगिताओं में अजेय अभियान 24 मैच तक पहुंच गया है।

चेल्सी पर उसकी जीत में जूलियन अल्वारेज ने 12वें मिनट में गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ। प्रीमियर लीग में यह उसकी लगातार 12वीं जीत है जिससे उसके 36 मैचों में 88 अंक हो गए हैं। उसे अभी दो मैच और खेलने हैं। दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल के 37 मैचों में 81 अंक हैं। चेल्सी के खिलाफ मैनचेस्टर सिटी ने तब जीत दर्ज की जबकि उसके स्टार खिलाड़ी इर्लिंग हालैंड और केविन डि ब्रूएन को विश्राम दिया गया था। एक अन्य मैच में वेस्ट हैम ने लीड्स को 3-1 से हराया। इससे लीड्स दूसरी डिवीजन में खिसकने के करीब पहुंच गया है।

# गांगुली पर भड़के विराट के प्रशंसक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु (ईएमएस)। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच हुए मुकाबले में विराट कोहली ने जहां आरसीबी की ओर से शतक लगाया। वहीं शुभमन गिल ने गुजरात की ओर से शतकीय पारी खेली। इस मैच में गुजरात की जीत के साथ ही आरसीबी बाहर हो गयी।

इस मैच के बाद भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक ट्वीट कर कहा कि इस मैच की दोनो ही पारियों में शानदार शतक लगे। साथ ही कहा कि इससे पता चलता है कि टूर्नामेंट का स्तर कितना ऊंचा है क्योंकि दोनो ही पारियों में शतक लगे हैं। इस ट्वीट में उन्होंने शुभमन का नाम तो लिया पर विराट का नहीं। इसी को लेकर विराट के प्रशंसक भड़क गये और उन्होंने गांगुली को ट्रोल करना शुरु कर दिया। गौरतलब है कि विराट और गांगुली के बीच तब दूरियां आ गयी थीं जब वी बीससीआई अध्यक्ष थे उस समय विराट एकदिवसीय कप्तानी से हटाये जाने से नाराज थे। उसके बाद से ही ये दोनो ही एकदूसरे के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। माना जा रहा है कि इसी कारण गांगुली ने अपने ट्वीट में विराट का नाम नहीं लिया। बहरहाल इस मैच में विराट ने अपना 7वां शतक लगाया पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। अपनी इस शतकीय पारी के साथ ही विराट ने कई रिकॉड्र्स तोड़े और वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले मैच में भी कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के खिलाफ आईपीएल में अपना छठा शतक लगाया था।

# आरसीबी के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर ऑरेंज कैप के लिए दूसरे पायदान पर पहुंचे शुभमन गिल

## -फाफ डुप्लेसी शीर्ष पर कायम

**मुंबई (एजेंसी)।** 21 मई को आईपीएल 2023 का आखिरी डबल हेडर मुकाबला खेला गया। पहले मैच में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट के बड़े अंतर से पटखनी दी। वहीं, दूसरे मैच में गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 विकेट से हारार दिया। मुंबई इंडियंस ने अपनी जीत और आरसीबी की हार के साथ ही प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करो या मरो मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने जोरदार प्रदर्शन किया। कैमरून ग्रीन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली, जिसके दम पर पांच बार की चैंपियन ने सनराइजर्स हैदराबाद से मिले 201 रन के लक्ष्य को हंसते-खेलते हासिल कर लिया। हैदराबाद की तरफ से मयंक अग्रवाल ने 83 रन की शानदार पारी खेली। गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए अहम मुकाबले में आरसीबी की टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर ने स्कोर बोर्ड पर 5 विकेट खोकर 197 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए। विराट कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर आईपीएल 2023 मे लगातार दूसरा शतक जमाया। हालांकि, कोहली के शतक पर शुभमन गिल की नाबाद शतकीय पारी भारी पड़ी और गुजरात ने 198 रन के लक्ष्य को आखिरी ओवर की पहली गेंद पर हासिल कर लिया। वहीं ऑरेंज कैप फाफ डुप्लेसी के सिर की शोभा बढ़ा रही है। डुप्लेसी ने गुजरात के खिलाफ हुए मुकाबले में 28 रन की शानदार पारी खेली। इस सीजन डुप्लेसी ने 14 मैचों में 730 रन बनाए। गिल 104 रन की बेहतरीन पारी खेलने के बाद ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। गिल 14 मैचों में 680 रन जड़ चुके हैं। वहीं, कोहली शतक जमाने के साथ ही इस लिस्ट में 639 रन के साथ तीसरे नंबर पर काबिज हैं। यशस्वी जायसवाल 625 रन के साथ चौथे और डेवोन कॉनवे 585 रन बनाकर पांचवें नंबर पर मौजूद हैं।




# आईपीएल विजेता टीम को मिलेंगे 20 करोड़ रुपये

## -उपविजेता को 13 करोड़ रुपये

मुम्बई । आईपीएल के प्लेऑफ की टीम तय होते ही अब प्रशंसकों के मन में ये सवाल उठने लगा है कि इस बार विजेता टीम को मिलने वाली राशि कितनी होगी। आईपीएल में चार टीमों गुजरात टाइटंस, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और मुम्बई इंडियंस ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है।

आईपीएल 2023 का खिताब जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी। जाएगा। वहीं उपविजेता टीम को 13 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वहीं तीसरे और चौथे नंबर की टीमों को भी 7-7 करोड़ रुपये मिलेंगे। आईपीएल 2023 में जो खिलाड़ी सबसे अधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप जीतेगा उसे 15 लाख रुपये जबकि सबसे अधिक विकेट के लिए पर्पल कैप विजेता को भी 15 लाख रुपये ही मिलेंगे। वहीं इमर्जिंग खिलाड़ी को 20 लाख रुपये की राशि मिलेगी। इसके अलावा जो खिलाड़ी आईपीएल 2023 में सुपर स्ट्राइकर बनेगा उसे 15 लाख रुपये मिलेगें। इस सत्र में सबसे बेशकीमती खिलाड़ी को 12 लाख रुपये की राशि मिलेगी।

# गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच के बाद मेरा जीवन बदला : रिंकू




कोलकाता । आईपीएल के इस 16 वें सत्र में अपनी आक्रामक परियों से सभी को प्रभावित करने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा है कि गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच के बाद उनकी जिंदगी में बदलाव आया है। रिंकू ने इस मैच में अंतिम ओवर में पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। रिंकू ने कहा कि इस मैच के बाद अब लोग उन्हें पहचाने लगे हैं। केकेआर को कई मैचों में अपने बल पर जीत दिलाने वाले रिंकू इस सत्र में शानदार फिनिशर के तौर पर उभरे हैं। रिंकू ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अहम मुकाबले में भी अंतिम गेंद तक अकेले संघर्ष किया। उन्होंने 33 गेंद पर 67 रन की नाबाद पारी खेली। केकेआर को जब आखिरी ओवर में 21 रन चाहिये थे तब विरोधी गेंदबाज यश ठाकुर ने शुरुआती तीन गेंद पर केवल तीन रन दिये पर रिंकू ने अंतिम तीन गेंद पर दो छक्के और एक चौक ही लगा पाये जिससे उनकी टीम को एक रन से हार का सामना करना पड़ा। रिंकू ने इस सत्र में 59.25 की औसत से 474 रन बनाने बनाये हैं। इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि अभी मैं अपनी योजनाओं पर टिका रहूंगा और अभ्यास करता रहूंगा। नाम-इनाम आता रहेगा लेकिन मैं अपनी मेहनत जारी रखूंगा।

# बृजभूषण की शर्त पर बोले बजरंग, नार्को टेस्ट के लिए तैयार हैं पहलवान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि वह अन्य पहलवानों के साथ नार्को टेस्ट के लिए तैयार हैं। बजरंग ने यह बात भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की उस शर्त को देखते हुए कही है जिसमें महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे बृजभूषण ने कहा था कि वह नार्को टेस्ट के लिए तैयार है पर उनके साथ ही बजरंग , विनेश फोगाट और कुछ अन्य पहलवानों का भी नार्को टेस्ट होना चाहिये। बृजभूषण के बेटे प्रतीक भूषण सिंह ने एक ट्वीट में अपने पिता का एक संदेश टैग किया है। संदेश में लिखा है, मैं अपना नारको टेस्ट, पॉलीग्राफ टेस्ट या लाई डिटेक्टर टेस्ट करवाने के लिए तैयार हूं पर मेरी शर्त है कि मेरे साथ विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का भी यह टेस्ट होना चाहिए। अगर दोनों पहलवान अपना टेस्ट करवाने के लिए तैयार हैं तो इस बात की घोषणा करें और मैं उनको वचन देता हूं कि मैं भी इसके लिए तैयार हूं।

संदेश में आगे कहा गया, मैं आज भी अपनी बात पर कायम हूं और हमेशा कायम रहने का देशवासियों से वादा करता हूं। प्रतीक ने अपने पिता का यह संदेश एक ट्वीट की शक्ल में पोस्ट किया है हालांक वह बृजभूषण के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर नजर नहीं आ रहा है। बृजभूषण शरण सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि मैं समझ पा रहा हूं कि जिन बच्चों को कामयाब बनाने के लिए मैंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, आज वही बच्चे राजनीति के लिए मेरे खिलाफ हो गये हैं।



उन्होंने कहा कि मैंने पहले दिन ही कहा था कि कब हुआ, कहां हुआ, किसके साथ, क्या हुआ? चार माह बाद भी यह लोग इस बात को बता नहीं पा रहे हैं। मेरे ऊपर अश्लील तरीके से छूने का आरोप है। लेकिन जैसे आपने मुझे माला पहनाया और आपका हाथ शरीर में लग जाए। कुछ इसी तरह की बात पर यह लोग मेरे लिये फांसी चाहते हैं। इनके पास कोई ऑडियो, वीडियो व कोई रिकॉर्डिंग नहीं है। बस कहानी पर कहानी चलाई जा रही है। उनको पता होना चाहिए कि पूरा देश आज आक्रोश में है। सभी जाति व धर्म के लोग मेरे साथ खड़े हैं।

वहीं बृजभूषण पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए देश के दिग्गज और युवा पहलवान इस समय दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं। इस मामले में पहलवानों को खाप पंचायतों का भी समर्थन मिल गया है। वहीं दिल्ली पुलिस भी बृजभूषण पर मामले दर्ज कर जांच कर रही है। इसके साथ ही खेल मंत्रालय ने जांच पूरी होने तक कुश्ती महासंघ की सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी है। केन्द्रीय खेल मंत्रालय का कहना है कि हर प्रकार से इस मामले की जांच हो रही है, इसलिए अब पहलवानों को भी धरना समाप्त कर जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिये।

# मुम्बई प्लेऑफ में पहुंची, 24 मई को सुपर जायंट्स से होगा एलिमिनेटर मुकाबला




मुम्बई । मुम्बई इंडियंस की टीम आईपीएल के इस 16 वें सत्र के प्लेऑफ में पहुंच गयी है। मुम्बई ने अंतिम लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। इसके बाद गुजरात टाइटंस की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ जीत के साथ ही मुम्बई की टीम प्लेऑफ में पहुंच गयी। आईपीएल के इस अंतिम लीग मुकाबले में जबरदस्त संघर्ष हुआ। इस मैच में हैदराबाद ने पहले बैटिंग करते हुए 5 विकेट खोकर 200 रन बनाए। इसके बाद मुम्बई ने यह लक्ष्य दो ओवर पहले ही 201 रन बनाकर हासिल कर लिया। मुम्बई की ओर से कैमरन ग्रीन ने तेजी से खेलते हुए 47 गेंद में नाबाद 100 रन बनाए। वहीं कप्?तान रोहित शर्मा ने पारी की शुरुआत करते हुए 37 गेंद में 56 रन बनाये थे। अब एलिमिनेटर मुकाबले में 24 मई को मुंबई इंडियंस का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

# एमबाप्पे के दो गोल से फ्रांसीसी लीग में 11वें खिताब के करीब पहुंचा पीएसजी



पेरिस। काइलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने ऑक्सेरे को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपना 11वां खिताब लगभग सुनिश्चित किया। गत चैंपियन पीएसजी के इस जीत से 36 मैचों में 84 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से छह अंक आगे हो गया है। उसका लेंस की तुलना में गोल अंतर काफी बेहतर है। उसे अब सैंट एटीने के 10 खिताब के रिकॉर्ड को पार करने के लिए केवल एक अंक की जरूरत है। अभी लीग में दो दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। एम्बाप्पे ने आठवें मिनट तक ही पीएसजी को 2-0 से आगे कर दिया था। इन दोनों गोल को करने में लियोनेल मेसी ने उनकी मदद की। एम्बाप्पे इस सत्र में अभी तक सर्वाधिक 28 गोल कर चुके हैं और वह लियोन के स्ट्राइकर अलेक्सांद्रलोकाजेटे से दो गोल आगे हो गए हैं।

# इटली ने ब्राज़ील और जापान ने सेनेगल को हराया

ब्यूनस आयर्स । अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल में खिताब के दो मजबूत दावेदारों ब्राजील और सेनेगल को अपने शुरुआती मैचों में ही हार का सामना करना पड़ा। खिताब के प्रबल दावेदार ब्राजील को इटली ने 3-2 से हराया जबकि जापान ने सेनेगल को 1-0 से उलटफेर का शिकार बनाया। नाइजीरिया और कोलंबिया ने भी अपने मैच जीते लेकिन उनका सामना कमजोर टीमों से था। नाइजीरिया ने डोमिनिका गणराज्य को 2-1 से हराया, जबकि कोलंबिया ने इजरायल को इसी अंतर से पराजित किया। इटली ने ग्रुप डी के इस मैच में शुरू में ब्राजील पर दबदबा बनाया और एक समय वह 3-0 की बढ़त पर था। उसकी तरफ से मेटियो प्राटी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया जबकि सेसरे कासादेई ने इसके बाद 27वें और 35वें मिनट में गोल किए। ब्राजील की तरफ से मार्कोस लिएंड्रो ने 72वें और 87वें मिनट में गोल किए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। सेनेगल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में जापान की तरफ से स्ट्राइकर कुरयू मात्सुकी ने 15वें मिनट में गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

# मेरा यह दूसरा शतक मेरे आलोचकों को जबाव, जिन्हें लगाता हैं मेरा टी-20 कैरियर खत्म : कोहली

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) भले ही आईपीएल 2023 के प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी हो, लेकिन विराट कोहली ने अपने प्रदर्शन से आलोचकों के मुंह बंद कर दिए हैं। खासकर उन लोगों के जो यह मानते हैं कि कोहली का करियर अंतिम पड़ाव पर है। कोहली ने आखिरी लीग मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाए। यह उनका सीजन में लगातार दूसरा शतक रहा। कोहली ने शतकीय पारी लगने के बाद आलोचकों पर निशाना साधकर कहा कि उनका टी20 करियर बहुत पड़ा हुआ है।

कोहली ने कहा, शतक लगाकर मुझे बहुत अच्छा लगा। बहुत से लोग सोचते हैं कि मेरा टी20 क्रिकेट गिर रहा है, लेकिन मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता। मुझे लगता है कि मैं फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेट खेल रहा हूं। कोहली के शतक की मदद से आरसीबी ने गुजरात के सामने 198 का लक्ष्य रखा था। लेकिन शुबमन गिल के 104 रनों के कारण आरसीबी मैच हार गया।

कोहली ने आईपीएल 2023 में लगातार 2 शतक लगाने का काम किया। कोहली ने कहा, मैं बस खुद को एंजॉय कर रहा हूं। मैं इसी अंदाज से टी20 क्रिकेट खेलता हूं। मैं गैप्स हिट करना चाहता हूं, बहुत सारी बाउंड्री हिट करना चाहता हूं और अगर जरूरत पड़े तो फिर अंत में बड़े शॉट लगाने की कोशिश करता हूं। बता दें कि कोहली टी20 करियर में 12,000 रन पूरे करने से बेहद करीब हैं। आईपीएल, अंतरराष्ट्रीय और सभी तरह की टी20 को मिलाकर कोहली ने 374 टी20 मैचों में 41.40 की औसत और 133.35 के स्ट्राइक रेट से 11,965 रन बनाए लिए हैं, जिसमें 8 शतक और 91 अर्धशतक शामिल हैं।




# भारत की अवनीत को विश्व कप में तीरंदाजी में मिला कांस्य

चंडीगढ़ । भारतीय महिला तीरंदाज अवनीत कौर ने चीन के शंघाई शहर में जारी तीरंदाज़ी विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया है। पंजाब की अवनीत ने विश्व कप में महिला वर्ग की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में तीसरे स्थान के लिए हुए मैच में तुर्की की तीरंदाज़ इपेक तोमुरक को 147-144 से हराया। अवनीत ने विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था पर उसे यहां इंग्लैंड की तीरंदाज़ इल गिब्सन से 144-146 से हार का सामना करना पड़ा था। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने अवनीत इस उपलब्धि पर प्रशंसा करते हुए उसे बधाई देते हुए कहा कि उसने राज्य और देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय तीरंदाज़ की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण भावना के साथ उसके कोच और माता-पिता को दिया। खेल मंत्री ने अवनीत को भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह इस खेल में देश का भविष्य हैं।



# चमक रहे बरकरार

**रॉयल** लुक देने वाली पर्ल जूलरी को करीने से संभालकर रखना बेहद जरूरी है, तभी इसकी सुंदरता और चमक लंबे समय तक बरकरार रखी जा सकती है। पर्ल ऑर्गनिक मैटीरियल से तैयार किया जाते हैं। इसमें गोल्ड व सिल्वर का इस्तेमाल भी खूब होता है। लंबे समय तक इनकी शाइनिंग बरकरार रखने के लिए इन्हें डस्ट, स्क्रेच व दूसरे डैमेज से बचाना जरूरी होता है। यदि आप पर्ल जूलरी पहनी हो, तो डिटर्जेंट का इस्तेमाल अवॉइड करें। बेकिंग सोडा और ब्लीच का यूज भी ना करें। इनमें मौजूद हानिकारक केमिकल्स पर्ल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। समय-समय पर इसकी सफाई करते रहे। सफाई के लिए मुलायम कपड़े का ही इस्तेमाल करें। यह पर्ल को नुकसान पहुंचाए बिना ही डस्ट हटा देगा। जब भी परफ्यूम और हेयर स्प्रे का इस्तेमाल करें, तो ध्यान रखें कि इसे जूलरी पर न छिड़कें। इससे इसका कलर जाने की संभावना बनी रहती है। मेकअप पूरा होने के बाद ही जूलरी पहनें वरना मेकअप का कलर जूलरी में लग सकता है। पर्ल जूलरी को मेटलिक जूलरी के साथ ना रखें, बल्कि इसे एक मुलायम कपड़े में लपेट कर रखें। नहाते समय जूलरी निकाल दें, क्योंकि पानी का क्लोरीन पर्ल के लिए बेहद नुकसानदेह होता है।









# रूप मेरा सलोना

**खूबसूरत** त्वचा हर किसी को अपनी ओर अट्रैक्ट करती है, लेकिन सभी की त्वचा खूबसूरत नहीं होती। किसी की खुरदरी तो किसी की बहुत ज्यादा तैलीय होती है। अपनी त्वचा को कुछ खास बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन का पूरा-पूरा ख्याल रखें। वैसे भी आजकल वातारण में प्रदूषण बहुत अधिक है। जो स्किन प्रॉब्लम्स के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होते हैं। ऐसे में चाहें तो कुछ फेशियल ट्राई कर सकती हैं। ये आपकी त्वचा के लिए लाभकारी हो सकते हैं। आजकल मार्केट में बहुत से फेशियल्स हैं, लेकिन सबसे खास है हर्बल फेशियल। यह स्किन पर एक अलग तरह का ग्लो ला देते हैं, जिससे चेहरा खिल-खिल जाता है।

## क्लीजिंग

हर्बल फेशियल में खीरा, गुलाब, नींबू और चंदन आदि मिला होता है। घरेलू हर्बल फेशियल आप घर पर भी कर सकती हैं। यदि आप घर में ही फेशियल कर रही हैं तो क्लीजिंग के लिए एक टेबल स्पून चावल के आटे में दो टेबल स्पून दही मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाकर अच्छी तरह मलें, फिर चेहरा ताजे पानी से धो लें।

## जरूरी है मालिश

क्लीजिंग के बाद फेस की मसाज करें। मालिश के लिए मलाई में कुछह बूंदे बादाम का तेल मिलाकर प्रयोग करें। मालिश गर्दन से शुरू करके ठुड्डी, मुंह, नाक, गाल और माथे पर करें। मालिश हमेशा हल्के हाथ से नीचे से ऊपर की ओर तथा गोल-गोल घुमाते हुए करें। इस क्रिया से रक्त संचार बढ़ेगा तथा आप अपने को तनावमुक्त महसूस करेंगी। अंत में अंगुलियों के पोरों से पूरे चेहरे को थपथपाएं।

## स्टीम

मसाज के बाद स्टीम लें। बाउल में पानी उबालकर थोड़े नीम के पत्ते भी डाल दें। फिर स्टीम लें। नीम की भाप आपकी स्किन को काफी फायदा पहुंचाएगी। इसके बाद ब्लैकहेड रिमूवर की सहायता से ब्लैकहेड्स निकालें। अब तौलिए से चेहरा पोंछकर फेसपैक लगाएं।

## होममेड फेसपैक

हमेशा ध्यान दें कि आपकी स्किन का टाइप क्या है, उसको देखकर ही फेस पैक लगाएं–

ड्राय स्किन के लिए: दो टेबलस्पून मसूर दाल को बारीक पीसकर उसके आटे में थोड़ा सा जैतून का तेल व ग्लिसरीन मिलाकर पेस्ट बना लें और लगाएं। इससे रूखी त्वचा में निखार आ जाता है।

नॉर्मल स्किन के लिए: एक चम्मच ऑरेंज पील पाउडर एवं गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर हलके हाथों से लगाएं। लगाने के बाद इसे कुछ समय के लिए छोड़ दें और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

**चाहे कोई भी मौसम हो, त्वचा और बालों की बारह महीने, तीसों दिन देखभाल करनी पड़ती है। नहीं तो चांद सा सुंदर चेहरा आंखों का रंग सुनहरा धूमिल पड़ने लगता है। यदि इसे बरकरार रखना है तो हमेशा इसका ध्यान रखना पड़ेगा। और समय समय पर प्राकृतिक सुंदरता बरकरार रखने के लिए प्रकृति के रंगों को चुनना होगा।**





## कूल शर्ट्स

फैशन के रंग मौसम की रंगत के साथ बदलने लगते हैं और गर्मी का मौसम इसके लिहाज से सबसे मुफीद होता है। इन गर्मियों में नॉटिका के स्प्रिंग कलेक्शन से आप अपने वार्डरोब को कूल और ट्रेंडी बना सकते हैं। वॉटर, पीपल और आर्किटेक्चर के स्पिरिट से इंस्पायर्ड ये शर्ट्स हर अकेजन के लिए फिट हैं। सिग्नेचर नेवी, सेल वाइट, नून ब्लू और यलो जैसे शेड्स वाली ये शर्ट्स आपको क्लीन लुक दे सकती हैं।



# तोहफों का अपना महत्व

तोहफे किसको पसंद नहीं होते, ये आपके भाव को व्यक्त करने में सबसे अहम रोल निभाते हैं। इसमें आप अपने भरोसेमंद दोस्त की मदद भी ले सकती हैं। अगर आपके पार्टनर के पास प्रमोशन या न्यू प्रॉजेक्ट जैसी सेलिब्रेट करने की कोई वजह हो, तो उन्हें चॉकलेट्स, एक वाइन बॉटल, फूल या उनका कोई पसंदीदा गिफ्ट भेजकर सरप्राइज दे सकते हैं। यकीन मानिए, यह चीज वह कभी नहीं भूलेंगे। यदि आप दोनों की आदतें या खान-पान, एक जैसा होता है तो मजा आ जाता है, ऐसे में आपको बात करने के आपस में कनेक्टेड रहने के लिए एक जैसी हॉबीज डिवेलप करने से अच्छा बहाना कुछ नहीं हो सकता।



# क्या पहनाएं बच्चों को

यदि आप किसी शादी में जा रही हों तो अपने बच्चे पर शेरवानी ट्राई कर सकती हैं। ये आपके बच्चे को ट्रेडिशनल लुक तो देता ही है, साथ ही साथ बच्चा स्टाइलिश भी लगता है। इसके अलावा ब्राइट कलर वाली प्लेन शेरवानी भी पहनाई जा सकती है। साथ ही ड्रेस से मैच करते हुए नागरे या जूतियां पहनाएं। शेरवानी के साथ ही कोट पैंट भी एक बढ़िया ऑपशन है। फॉर्मल पैंट के साथ डिजाइनदार शर्ट पहनाएं। यदि ठंड का मौसम हो तो कढ़ाई वाला कोट भी पहनाया जा सकता है। और हां गले में बो पहनाना न भूलें, इससे आपके बच्चे का स्मार्ट लुक आता है। फूटवियर्स के तौर पर आप लेदर के शूज पहनाएं,और यदि आपका बच्चे के साथ किसी बर्थ-डे पार्टी में जा रही है तो बच्चे को डेनिम जींस के साथ शर्ट पहनाएं व लाइट वाले स्टाइलिश जूते पहनाएं। यदि आपके बच्चे का ही बर्थ-डे हो तो बच्चे को मल्टी पॉकेट पैंट्स के साथ ब्राइट कलर वाली टी-शर्ट पहनाएं।



# बच्चों को वक्त देना जरूरी

**तो क्या** बेस्ट मॉम बनने के लिए बच्चे को ज्यादा वक्त देना जरूरी है? डीयू के एक कॉलेज में कंप्यूटर साइंस की टीचर संगीता पाठक इसका जवाब 'हां' में देती हैं। हायर एजुकेशन ले रहे दो बच्चों की मां संगीता बताती हैं कि बेहतर टाइम मैनेजमेंट मां के लिए बड़ा चैलेंज है। ग्रेजुएशन खत्म होने से पहले ही मेरी शादी हो गई थी, इसलिए मां बनने के बाद पढ़ाई और फिर कैरियर को आगे बढ़ाना भी एक चैलेंज था। मैंने प्राइमरी टीचर बनकर काम शुरू किया। कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई भी साथ-साथ चलती रही। नन्हे बच्चे को धूप में बाहर लाना अच्छा नहीं लगता था, पर स्कूल से लौटते वक्त उसे क्रेच से घर लाना पड़ता था। बड़े होते बच्चों के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ीं। शाम को कभी बेटे को स्केटिंग या स्विमिंग क्लास ले जाना होता था, तो कभी बेटी को डांस क्लास। उनकी पढ़ाई और होमवर्क की जिम्मेदारी थी, सो अलग।

# कमिटमेंट मेरे प्यार का

**किसी से प्यार करती हैं, तो शादी का इरादा भी रखती होंगी। अगर अपने प्रियतम के साथ आप सात जन्मों का कमिटमेंट चाहती हैं, तो इन बातों को फॉलों कर अपने रिश्तों में गहराई ला सकती हैं।**

**कोई** आपको पहले से हो या आप किसी को प्रपोज करने की सोच रहीं हो। क्या आप उसे लेकर इतनी सीरियस हैं कि शादी के बारे में सोचें? हो सकता है कि आपको सवाल थोड़ा अजीब लगे, लेकिन एक बार इस पर भी विचार करके जरूर देखें। गौरतलब है कि आपके प्यार का रिश्ता एक तरह से आपकी सोसाइटी का आधार है। इसकी थीम है 'लव वन-अनदर' यानी एक-दूसरे की कमियों को एक्सेप्ट करके अपने पार्टनर को प्यार करना। बेशक 'हैपिली मैरिड' का कॉन्सेप्ट इसी थीम पर टिका है, जहां आप दूसरे को इस हद तक स्वीकार करें कि उसकी कमियों के साथ चलने में आपको कोई प्रॉब्लम न हो।

## कसौटी रिश्तों की

तमाम बदलावों के साथ रिश्तों की कसौटियां भी चेंज हुई हैं। जाहिर है कि मैरिज को भी हम इससे बचाकर नहीं चल सकते। तनाव, कमिटमेंट से घबराहट, कैरियर में आगे बढ़ने की चाह जैसे तमाम कारण हैं, जो लोगों को शादी में सेटल होने नहीं दे रहे हैं। यदि ऐसे में आप एक दूसरे की भावनाओं को समझ-बूझकर हर कदम को चलें। मनोवैज्ञानिक इसे आने वाले समय की बड़ी जरूरत बताते हैं और इसे प्रमोट करने की फेवर में हैं। आजकल की जेनरेशन अपने कैरियर और फाइनैंशियल प्लानिंग में इतनी बिजी है कि शादी के पॉजिटिव इंपैक्ट उसे नजर ही नहीं आते। हालांकि वैलंटाइंस डे और डेटिंग के लिए तमाम ऑप्शंस होने के बावजूद वे अकेलापन महसूस करते हैं। ऐसे में वर्तमान में वर्ल्ड मैरिज डे जैसे मौके उन्हें रिश्तों को नए सिरे से समझा सकते हैं। वैसे, इस तरह ग्लोबलाइजेशन के दौर में हमारी इंडियन 'फैमिली वैल्यूज' और 'हैपी मैरिड कपल्स' की परंपरा को भी वर्ल्ड फोरम में नई पहचान मिल सकेगी।

## पश्चिम का दिख रहा असर

भले ही रिलेशंस को लेकर खुले नजरिए और डिवोर्स केसेज के बढ़ते रेट्स को विदेश की देन माना जा रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है कि वहां सब कुछ खराब ही है। बल्कि वहां से भी कुछ बातों को सीखी ही जा सकती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट डॉ. निशा खन्ना कहती हैं, 'इस मुद्दे को कल्चरल इम्पैक्ट के तौर पर ना देखा जाए। दरअसल, सभी अपनी जरूरत के हिसाब से ही किसी चीज को अपनाते हैं। जब वहां शादियों में प्रॉब्लम्स आनी शुरू हुईं और पार्टनर्स के बीच डिफरेंसेज बढ़ने लगे, तो भारत ने भी एक दिन जो फरवरी के दूसरे हफ्ते के रविवार को आता है को चुन लिया। हालांकि वहां किसी रिलेशनशिप एक्सपर्ट के पास जाना भी कोई टैबू नहीं है, लेकिन यहां किसी को ऐसी सलाह देने का मतलब है बुराई मोल लेना। बेशक अगर हम प्यार करने का तरीका वेस्ट से ले सकते हैं, तो रिलेशंस को ठीक रखने के लिए एक बार उनके तरीके पर नजर तो डाल ही सकते हैं। हालांकि यह किसी पहल की तैयारी नहीं है, बल्कि मुद्दा है एक प्यार भरे रिश्ते की मिठास व गर्माहट को बरकरार रखना। फिर देश या कल्चर कोई भी हो, यह बात सभी जगह कॉमन है कि बिना इमोशनल सैटिस्फैक्शन के जिंदगी कभी पूरी नहीं होती।

## रिश्ते फीलिंग से नहीं चलते

यह बात पूरी तरह सही है कि वैलेंटाइंस डे जैसे दिन हमें अपने इमोशंस को पहचानना व एक्सप्रेस करना सिखाते हैं। लेकिन रिश्ते में सिर्फ फीलिंग्स होना ही काफी नहीं है, बल्कि इसे निभाने के लिए आपके पास कमिटमेंट के साथ सही अप्रोच भी होनी चाहिए। इसी तरह ही हम रिलेशंस की मिठास व अहमियत को जान पाते हैं और ऐसे में समय-समय पर एक दूसरे के साथ कुछ पल बीताना तथा अपनी यादों को उत्सव के तौर पर जीना भी सही है। कॉल सेंटर एंप्लॉई रीना बतरा शादी को एक्सेप्टेंस फैक्टर से जोड़ती हैं। उनके मुताबिक, विवाह और हमारे रिश्ते इस बात का अहसास करवाने के लिए हैं कि आपको शादी प्यार के आगे की एक कड़ी है। उनका कहती हैं, 'मैं अपने पैरंट्स की लाइफ देखकर यही सोचती हूं कि क्या मुझे इतने एक्सेप्टिंग नेचर की लाइफ पार्टनर मिलेगा। ऐसे में मैं मानती हूं कि रिलेशन में कमिटमेंट होना चाहिए।



## नासा के केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से निजी रॉकेट ने भरी उड़ान

### –सऊदी अरब की अंतरिक्ष यात्री रय्याना बरनावी भी रॉकेट में सवार

केप केनवरल । स्पेसएक्स के निजी रॉकेट ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरी। रॉकेट में सऊदी अरब की अंतरिक्ष यात्री रय्याना बरनावी भी सवार हैं। वह दशकों बाद अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाली सऊदी अरब की पहली अंतरिक्ष यात्री हैं। इसके अलावा अपनी खुद की स्पोर्ट्स कार 'रेसिंग' टीम शुरू करने वाले टेनेसी के एक कारोबारी जॉन श्नॉफर भी रॉकेट में सवार है। इन अंतरिक्ष यात्रियों की अगुवाई नासा की सेवानिवृत्त अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिट्सन कर रही हैं, जो फिलहाल 10 दिन की इस यात्रा का प्रबंध करने वाली कंपनी में काम कर रही हैं। फाल्कन रॉकेट ने रविवार दोपहर इन यात्रियों के लेकर नासा के केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी।

## मतगणना में पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस की कंजरवेटिव पार्टी आगे

एथेंस । यूनान में हुए चुनाव में 60 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर मतगणना हो चुकी है, जिसके आधाकारिक परिणामों में प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस की सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी ने विपक्षी वाम मोर्चे के खिलाफ बढ़त बना रखी है। लगभग दो तिहाई मतों की गिनती के बाद पूर्व प्रधान मंत्री एलेक्सिस सिप्रास की वामपंथी विपक्षी पार्टी को 20 प्रतिशत जबकि मित्सोताकिस की न्यू डेमोक्रेसी पार्टी को 40 प्रतिशत वोट मिले हैं। करीब तीन दशक के वित्तीय संकट के दौरान स्थिति से उबरने के लिए कर्ज देने वाले अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं की यूनान की अर्थव्यवस्था पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण खत्म हो जाने के बाद देश में रविवार को पहला चुनाव हुआ।

## प्लास्टिक बैग में बांधकर फेंक दी थी बच्ची, 4 साल बाद खुला राज

### –हत्या के प्रयास, बच्ची के प्रति क्रूरता व लापरवाह परित्याग के आरोप में हुई गिरफ्तार

तिब्लिसी । उत्तरी जॉर्जिया के एक जंगली इलाके में छोड़ी गई एक नवजात बच्ची के प्लास्टिक बैग में जीवित पाए जाने के लगभग चार साल बाद अधिकारियों ने बच्ची की मां की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया है। फोर्सिथ काउंटी शेरिफ के कार्यालय के प्रतिनिधियों ने 40 वर्षीय करीमा जिवानी को गुरुवार को हत्या के आपराधिक प्रयास, बच्ची के प्रति क्रूरता, गंभीर हमले और लापरवाह परित्याग के आरोप में गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले सप्ताह डीएनए ने शेरिफ के कार्यालय को करीमा जिवानी को बच्ची की मां के रूप में पहचानने में मदद की, जिसे 'बेबी इंडिया' कहा जाता है। माना जाता है कि बच्ची सिर्फ कुछ घंटों की थी, जहां अटलांटा के उत्तर में लगभग 40 मील की दूरी पर कमिंग, जॉर्जिया में एक परिवार ने 6 जून 2019 को एक जंगली इलाके से आने वाले शोर के बारे में सुना। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के बॉडी कैमरा फुटेज में रोती हुई बच्ची को एक पीले रंग के प्लास्टिक बैग में लिपटे हुए देखा गया था। बेबी इंडिया का जन्म संभवत: एक वाहन के अंदर हुआ था। अतिरिक्त सबूतों से पता चला है कि करीमा जिवानी ने कार में बच्ची के साथ जन्म के बाद कुछ समय तक तक गाड़ी चलाई। इसके बाद उसने बच्ची को प्लास्टिक की थैली में बांधा और उसे जंगल में फेंक दिया। जांच के दौरान एकत्र किए गए सबूतों से अधिकारियों को पता लगा है कि जब बच्ची को छोड़ा गया था तो शायद करीमा अकेली थी।

## ब्रेन कैंसर के रोगियों के लिए मददगार साबित होगी नई खोज

कैलिफोर्निया । कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के सैन फ्रांसिस्को मेडिकल सेंटर के वैज्ञानिकों ने यह पता लगाया है कि कैंसर कोशिकाएं मस्तिष्क की स्वस्थ कोशिकाओं के संपर्क में आकर अति सक्रिय हो जाती है और इससे मरीज को तेजी से संज्ञानात्मक नुकसान होता है। कभी-कभी तो उसकी मौत भी हो जाती है। इस अध्ययन से कैंसरयुक्त ब्रेन ट्यूमर के इलाज में बड़ा बदलाव आ सकता है। भारतीय वैज्ञानिक सरिता कृष्णा की अगुवाई वाले दल ने यह भी पता लगाया कि मस्तिष्क से जुड़े विकार के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा ट्यूमर कोशिकाओं की अति सक्रियता को कम करने और उनकी वृद्धि को रोकने में भी प्रभावी है। एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने पता लगाया कि मस्तिष्क की स्वस्थ कोशिकाओं और कैंसरयुक्त कोशिकाओं के बीच संपर्क को ट्यूमर की वृद्धि रोकने तथा उसे कम करने के लिए बदला जा सकता है। अध्ययन पाया कि ये नतीजे ग्लियोब्लास्टोमा से पीड़ित मरीजों के लिए अधिक फायदेमंद है जिसे वयस्कों में होने वाले ब्रेन कैंसर का सबसे घातक प्रकार माना जाता है। केरल के तिरुवनंतपुरम की रहने वाली कृष्णा ने मी?डिया से कहा कि ये अप्रत्याशित नतीजे दिखाते हैं कि जानलेवा कैंसर कोशिकाएं मस्तिष्क के आसपास के ऊतकों की संरचना में ऐसा बदलाव कर सकती हैं जिससे वे अति सक्रिय हो जाते हैं। इससे मरीज को संज्ञानात्मक नुकसान होता है और उसका जीवनकाल भी घट जाता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह खोज ग्लियोब्लास्टोमा जैसी बहुत ही घातक बीमारी के लिए इलाज की प्रभावी पद्धति खोजने में मददगार हो सकती है।

## कार रेस में शामिल एक समूह के 10 लोगों की गोली मारकर हत्या

मैक्सिको सिटी । मैक्सिको के एक राज्य बाजा कैलिफोर्निया में कार रेस में शामिल एक समूह को निशाना बनाकर किए गए एक हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए और नौ अन्य घायल हुए। लोकल मीडिया ने अधिकारियों का हवाला देकर कहा कि हथियारबंद लोगों का एक समूह एक वाहन से बाहर निकला और एनसेनाडा, बाजा कैलिफोर्निया में एक राजमार्ग के किनारे खड़ी कार रेस प्रतिभागियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमले में नौ घायल और 10 लोग मारे गए हैं। अधिकारी घटना की जांच करा रहे हैं।

## अब दुबई में चांद को भी धरती पर उतारने की पूरी तैयारी

### –चांद पर स्पेस वॉक जैसा ले सकेंगे अनुभव

### –अरबों की लागत से पूरा होगा प्रोजेक्ट 'मून'



दुबई । अब दुबई की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए चांद को भी धरती पर उतारने की पूरी तैयारी हो चुकी है। मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक दुबई के एक रिसॉर्ट में चांद की नकल यानि रेप्लिका को स्थापित करने पर अरबों-खरबों रुपये खर्च करने का प्लान बन चुका है। इस पूरे प्रोजेक्ट में 4 बिलियन पाउंड यानि भारतीय मुद्रा में 4 खरब (4,124,262,28, 280.00) से ज्यादा रुपये लग जाएंगे। इस प्रोजेक्ट को प्लान कर रहे हैं कनाडा के कारोबारी माइकल हेंडरसन। यूएई के दुबई शहर में 30 मीटर ऊंची बिल्डिंग यानि 100 फीट की ऊंचाई पर चांद को टिकाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट नाम 'मून'. बताया जा रहा है कि इसके ज़रिये लोगों ज़मीन पर ही चांद को देखने का अनुभव हासिल होगा। इसे एक रिसॉर्ट में बनाया जा रहा है, जहां 2.5 मिलियन यानि 25 लाख लोगों के हर साल आने की उम्मीद की जा रही है और इससे रिसॉर्ट को अरबों की कमाई होगी। मून वर्ल्ड रिसॉर्ट इंक की ओर से इस प्रोजेक्ट को फंड किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में एक रियल दिखने वाले चांद के अलावा चांद की कॉलोनी भी बनाई जाएगी। यहां 4000 रूम होंगे, जबकि 10 हज़ार लोगों के कैपेसिटी वाला नाइटक्लब और वेलनेस सेंटर भी होगा। यहां ठहरने वालों को चांद पर रहने जैसा एहसास होगा। वे चांद पर टहलकर स्पेस वॉक जैसा अनुभव ले सकेंगे।




रोम में जीवस्म ईंधन के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पर्यावरण कार्यकर्ता झरने के पानी में वेजीटेबल चारकोल डालने के बाद एक बैनर लिए हुए।

## हिंसा में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा : पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को कहा कि नौ मई की हिंसा और सैन्य प्रतिष्ठानों तथा सरकारी संस्थानों पर हमले में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान खान की नौ मई को गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर यहां एक बैठक को संबोधित करते हुए शहबाज ने कहा कि 'दंगाई' कानून से बच नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा, 'यह निर्णय लिया गया है कि नौ मई की हिंसा में संलिप्त लोगों और इसे भड़काने वालों को कानून एवं संविधान के अनुसार दंडित किया जाएगा।' गौरतलब है कि नौ मई को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से अर्धसैनिक बल के कर्मियों द्वारा खान को गिरफ्तार किए जाने के बाद हिंसक विरोध-प्रदर्शन शुरू हुए थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली वायुसेना अड्डा और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय पर भी भीड़ ने हमला किया था। पुलिस ने दावा किया है कि हिंसक झड़पों में 10 लोगों की मौत हुई, जबकि खान की पार्टी का कहना है कि सुरक्षाबलों की गोलीबारी में उसके 40 कार्यकर्ता मारे गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कोई मजाक नहीं था कि आतंकवादियों ने कराची में वायुसेना के प्रतिष्ठानों पर हमला किया और फिर 'खान के समर्थकों ने मियांवाली में विमान में आग लगा दी' जिसका उपयोग दुश्मन के खिलाफ किया गया था।

### भारत व पापुआ न्यू गिनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के हर पहलू पर हुई चर्चा

# पीएम मोदी ने पापुआ न्यू गिनी के पीएम व गवर्नर जनरल से मुलाकात की

### –पीएम मोदी ने की पोर्ट मोरेस्बी में एफआईपीआईसी तृतीय शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी

**पोर्ट मोरेस्बी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पापुआ न्यू गिनी के अपने समकक्ष जेम्स मारापे और गवर्नर जनरल बॉब डाडे से अलग-अलग वार्ता की तथा दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी मजबूत करने पर जोर दिया। इस द्वीपीय देश की पहली यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचे मोदी द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत तथा 14 प्रशांत द्वीप देशों के बीच एक अहम शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोर्ट मोरेस्बी में इला बीच के किनारे स्थित ऐतिहासिक एपेक हाउस पहुंचे। प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। दोनों नेता क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए एफआईपीआईसी तृतीय शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी करेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दोनों नेताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी



मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी कदमों के साथ ही लोगों के बीच परस्पर संबंधों को मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत-पापुआ न्यू गिनी के संबंधों में तालमेल बैठाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जेम्स मारापे से सार्थक द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री मोदी ने पोर्ट मोरेस्बी में एफआईपीआईसी तृतीय शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी के लिए प्रधानमंत्री मारापे की सराहना की।

मारापे के साथ हाथ मिलाते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री जेम्स मारापे और मैंने काफी सार्थक बातचीत की, जिसमें भारत और पापुआ न्यू गिनी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के हर पहलू पर चर्चा की गयी। हमने वाणिज्य, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य देखभाल तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने में सहयोग के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के दौरान मोदी और मारापे ने तमिल में लिखी काव्य रचना 'तिरुक्कुरल' का पापुआ न्यू गिनी की टोक पिसिन में अनुवादित कृति का विमोचन भी किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय प्रवासी मातृभूमि के साथ संबंध बनाए रखते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जापान से यहां पहुंचे, जहां उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया और दुनिया के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। तीन देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में मोदी पापुआ न्यू गिनी पहुंचे हैं। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पापुआ न्यू गिनी की पहली यात्रा है। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने हवाई अड्डे पर भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया, जिन्होंने सम्मान के तौर पर मोदी के पैर छुए। आमतौर पर पापुआ न्यू गिनी सूर्यास्त के बाद आने वाले किसी भी नेता का औपचारिक स्वागत नहीं करता है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह अपवाद रहा और उनका औपचारिक स्वागत किया गया। एफआईपीआईसी शिखर सम्मेलन में 14 देशों के नेता भाग लेंगे।

## इमरान खान की कल हो सकती है गिरफ्तारी, अदालत में जमानत लेने पहुंचेंगे

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि मंगलवार को जब वह विभिन्न मामलों में जमानत लेने के लिए इस्लामाबाद में होंगे तो उनकी गिरफ्तारी की 80 प्रतिशत संभावना है। मीडिया के साथ एक इंटरव्यू में, पीटीआई प्रमुख ने कहा कि पीडीएम सेना के साथ गठबंधन कर रहा है और मुझे बाहर रखने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म कर रहा है। उन्होंने कहा, 10,000 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है और उनकी पार्टी का पूरा वरिष्ठ नेतृत्व जेल में है। अपनी गिरफ्तारी के बाद 9 मई को राज्य की इमारतों और सेना के प्रतिष्ठानों पर हिंसा और आगजनी के हमलों का जिक्र करते हुए, खान ने कहा कि जिस तरह से उन्होंने आगजनी के बहाने का इस्तेमाल किया है, वो मेरी गिरफ्तारी के बाद उस प्रतिक्रिया का इस्तेमाल पार्टी को खत्म करने के लिए कर रहे हैं।

पीटीआई प्रमुख ने दावा करते हुए कहा कि सैकड़ों महिलाओं और बच्चों को जेल में डाल दिया गया है, वे अब हमें सैन्य अदालतों में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें सेना से कोई समस्या नहीं है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के



साथ काम किया है। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ गठबंधन चुनाव से डर रहा है। एम खबर के मुताबिक, यह कहते हुए कि उनकी जान को अभी भी खतरा है, पीटीआई प्रमुख ने कहा कि उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि उनकी हत्या के लिए एक धार्मिक उन्मादी का इस्तेमाल किया जाएगा, जैसे कि पंजाब के पूर्व राज्यपाल की हत्या की गई थी।

एक सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अप्रत्याशित समय से गुजर रहा है और गठबंधन सरकार द्वारा इस साल अक्टूबर में राष्ट्रीय चुनाव नहीं कराने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, मेरी चिंता अब यह है कि वे अक्टूबर में भी राष्ट्रीय चुनाव नहीं कराएंगे। मुझे डर है कि वे चुनाव कराएंगे जब यह स्पष्ट हो जाएगा कि पीटीआई नहीं जीतेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने कहा कि स्थिति इस हद तक बिगड़ गई है कि न्यायाधीशों और अदालतों के फैसले भी रद्द किए जा रहे हैं।

## श्रीनगर में जी20 की बैठक से बौखलाया पाकिस्तान, पीओके पहुंचे बिलावल भुट्टो, भारत के खिलाफ उगला जहर

**काठमांडू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में जी20 की बैठक हो रही है। इसको लेकर विभिन्न राष्ट्रों के प्रतिनिधि वहां पहुंच भी रहे हैं। हालांकि, इसको लेकर पाकिस्तान की बौखलाहट साफ तौर पर देखने को मिल रही है। श्रीनगर में जी20 से बौखलाए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के दौरे पर हैं। बिलावल भुट्टो तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को पीओके के मुजफ्फराबाद शहर पहुंचे और श्रीनगर में जी20 की बैठक को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि भारत एक सम्मेलन के माध्यम से कश्मीरियों की आवाज़ को दबा नहीं सकता है। भुट्टो ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का उल्लंघन करके, भारत के लिए दुनिया में एक प्रभावी भूमिका निभाना संभव नहीं है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत कश्मीर में जी20 की बैठक कर रहा है, उन्हें पीओके में सभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। मंत्री ने कहा कि ऐसे समय में जब भारत कश्मीर में एक सम्मेलन आयोजित कर रहा है, मुझे पीओके विधानसभा को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। भुट्टो सोमवार को पीओके विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगे और मंगलवार को बाग में एक विरोध रैली में हिस्सा लेंगी। पाकिस्तान ने कश्मीर में जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित करने के फैसले को एक 'स्वयं सेवी चाल' कहा है।

## राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा का मकसद वास्तविक लोकतंत्र के साझा मूल्यों को बढ़ावा देना है: सैम पित्रोदा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा कि जून में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमेरिका की यात्रा का मकसद वास्तविक लोकतंत्र के साझा मूल्यों को बढ़ावा देना है। राहुल का इस यात्रा के दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत करने तथा एक बैठक को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ने रविवार को बताया कि राहुल का सैन फ्रांसिस्को, वाशिंगटन और न्यूयॉर्क जाने का कार्यक्रम है, जहां वह भारतीय



अमेरिकियों की दो बैठकों को संबोधित कर सकते हैं, संसद भवन में सांसदों और थिंक टैंक के सदस्यों से मुलाकात कर सकते हैं, साथ ही विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत कर सकते हैं। इन कार्यक्रमों को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस आयोजित कर रहा है।

पित्रोदा ने कहा कि हम यहां शिकायत करने के लिए नहीं आए हैं। हम यहां यह साझा करने के लिए हैं कि भारत में क्या चल रहा है। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम लोगों को जमीनी हकीकत के बारे में बताएं। उन्होंने शिकागो में कांग्रेस समर्थकों के एक समूह से कहा कि हम किसी से आने और मदद करने के लिए नहीं कह रहे। हम समस्याओं से निपट सकते हैं। हम आपके साथ साझा करना चाहते हैं कि किस चीज की जरूरत है।

पित्रोदा कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस को मिली जीत की खुशी में आयोजित एक कार्यक्रम को शिकागो में संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन समुदाय के नेता इफ्तिकार शेरिफ और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस-यूएसए ने किया था। उन्होंने रविवार को एक बयान में कहा कि उनकी (राहुल गांधी) यात्रा का मकसद संपर्क बनाना, बातचीत तथा विभिन्न लोगों, संस्थाओं तथा मीडिया के साथ वार्ता करना है। इनमें भारतीय समुदाय भी शामिल है, जिनकी संख्या अमेरिका में तथा विदेशों में बढ़ रही है। इस दौरान वह विश्व भर में स्वतंत्रता, समावेश, स्थिरता, न्याय, शांति आदि पर केंद्रित वास्तविक लोकतंत्र के साझा मूल्यों और दृष्टिकोण को बढ़ावा देंगे।

# पीएम मोदी की यात्रा को लेकर अमेरिका के 20 शहरों में निकलेगा भारत एकता दिवस मार्च

### –'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा-यूएसए जोर-शोर से तैयारी में जुटा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगले माह अमेरिका की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के मद्देनजर भारतीय अमेरिकी 18 जून को देश के 20 प्रमुख शहरों में 'भारत एकता दिवस मार्च के साथ उनका स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर जून में अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर आएंगे। बाइडन दंपति 22 जून को राजकीय भोज पर भी पीएम मोदी की मेजबानी करने वाले हैं। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता और 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा-यूएसए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अडापा प्रसाद ने कहा, भारतीय अमेरिकी समुदाय मोदी की यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित है। समुदाय यहां वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय स्मारक पर 18 जून को एकत्रित हो रहा है।''

उन्होंने कहा, ''और वाशिंगटन स्मारक से लिंकन स्मारक तक 'भारत एकता दिवस' मार्च निकाला जाएगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया जाएगा। यह दो दिन पहले आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के 'पूर्व से लेकर पश्चिम, उत्तर से लेकर दक्षिण तक प्रमुख शहरों से गुजरते हुए'' करीब 20 स्थानों पर ऐतिहासिक स्थलों जैसे कि न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर और सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन ब्रिज पर स्वागत मार्च निकाले जाएंगे। जिन अन्य शहरों में मार्च निकाले जाएंगे उनमें बोस्टन, शिकागो, अटलांटा, मियामी, टेम्पा, डलास, ह्यूस्टन, लॉस एंजिलिस, सैक्रामेंटो, सैन फ्रांसिस्को, कोलंबस और सेंट लुइस शामिल हैं। इस राजकीय यात्रा को ऐतिहासिक कार्यक्रम बताकर प्रसाद ने कहा कि भारतीय अमेरिकी समुदाय के सभी वर्ग प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने और यादगार कार्यक्रम बनाने के लिए एकजुट होकर तैयारी कर रहे हैं।

न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी में सभी प्रमुख स्थानों पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने की तैयारी चल रही है। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कई अन्य नेताओं ने भी प्रधानमंत्री की यात्रा का स्वागत किया है। प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकी नेता और मजबूत अमेरिका-भारत संबंधों के पैरोकार अजय भुटोरिया ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की प्रस्तावित यात्रा से बहुत खुश हूं। यह यात्रा हमारे दो महान देशों के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी की गवाह बनेगी। पीएम मोदी की अमेरिका की यात्रा सितंबर में भारत की मेजबानी में होने जा रहे जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हो रही है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के. ज्यां-पियरे ने गत 10 मई को मोदी की आगामी अमेरिका यात्रा की घोषणा करते हुए कहा था



कि यह यात्रा अमेरिका तथा भारत के बीच गहरी एवं नजदीकी साझेदारी को और बढ़ाएगी, साथ ही अमेरिकियों और भारतीयों को जोड़ने वाले गर्मजोशी भरे संबंधों को भी मजबूत करेगी। मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकों के लिए आधा दर्जन से अधिक बार अमेरिका की यात्राएं कर चुके हैं और उनके समय रहे तीनों अमेरिकी राष्ट्रपतियों बराक ओबामा, डोनाल्ड ट्रंप तथा जो बाइडन के साथ उन्होंने बैठक की हैं।

## दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जेल में अचानक बिगड़ी तबीयत, सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति की शिकायत के बाद सोमवार को तिहाड़ जेल से सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। जैन ने हाल ही में अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में शिकायत की थी और इन आधारों पर जमानत मांगी थी। फिलहाल तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि उन्हें किस बात की शिकायत है। बताया कि वह अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मई में धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद से जैन तिहाड़ जेल में बंद हैं। यह सत्येंद्र जैन के वकील द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जमानत याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें दावा किया गया है कि उनका मुवक्किल अत्यधिक स्वास्थ्य स्थितियों का सामना कर रहा है और कंकाल बन गया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जैन को राहत के लिए शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ में जाने की छूट दे दी। जैन की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि पूर्व मंत्री का वजन 35 किलोग्राम घट गया है, वह कंकाल जैसे दिखाई देने लगे हैं और वह कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं। वहीं, ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने याचिका का विरोध किया। पीठ ने कोई विशिष्ट तारीख नहीं दी, लेकिन कहा कि जैन राहत के लिए शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ से संपर्क कर सकते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन मामले में जैन की जमानत याचिका छह अप्रैल को खारिज कर दी थी।

## नोट बदलने आए लोगों के लिए 'शेड' और पानी की व्यवस्था करें बैंक : आरबीआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को सलाह दी है कि वे 2,000 रुपये का नोट बदलने या जमा करने आए लोगों को धूप के बचाने के लिए 'शेड' का इंतजाम करें। साथ ही कतार में लगे लोगों के लिए पीने के पानी की भी व्यवस्था की जाए। उल्लेखनीय है कि 2016 में नोटबंदी के दौरान बैंकों में नोट बदलने के लिए कतारें लगी थीं और आरोप है कि इस दौरान कई ग्राहकों की मृत्यु भी हो गई थी। गत शुक्रवार को 2,000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा के बावजूद यह वैध मुद्रा बना रहेगा। 2016 में नोटबंदी की घोषणा के बाद ऐसा नहीं था। उस समय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। रिजर्व बैंक ने सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा, बैंकों को अपनी शाखाओं में इंतजार करने वाले ग्राहकों के लिए शेड और पानी की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। बैंकों को नोट बदलने की सुविधा सामान्य तरीके से काउंटर पर उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा बैंकों को रोजाना जमा किए जाने वाले और बदले जाने वाले 2,000 के नोटों का ब्यौरा रखने को कहा गया है।

## आजादी के बाद पहली बार जैनाचार्य समेत 22 लोगों का समूह पाकिस्तान पहुंचा

अहमदाबाद । आजादी के बाद पहली बार कोई जैनाचार्य विहार करने के लिए भारत से पाकिस्तान पहुंच गए हैं। वडोदरा के जैनाचार्य धर्मधुरंधर सूरी महाराज साहेब वाघा बोर्डर से 22 लोगों के समूह के साथ पदयात्रा करते हुए पाकिस्तान पहुंचे हैं। यह समूह कल यानी 23 मई को लाहौर के सरकारी म्यूजियम मे रखे विजयानंदसूरी महाराज (आत्मारामजी महाराज) की चरण पादुका का दर्शन करेंगे। इस संदर्भ में जैन अग्रणी ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष में कोई जैन मूनि विहार करने के लिए पाकिस्तान नहीं गए। पहली बार वल्लभसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य धर्मधुरंधरसूरी महाराज साहेब, महाभद्रविजय महाराज साहेब, मुनिराज ऋषभचंद्र विजय धर्म कीर्तिविजय और उनके साथ 18 श्रावक भी पदयात्रा कर पाकिस्तान पहुंचे हैं। इसके लिए भारत और पाकिस्तान की सरकारनों में मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि धर्मधुरंधरसूरी महाराज साहेब 23 को पाकिस्तान का लाहौर पहुंचेंगे। लाहौर स्थित सरकारी संग्रहालय में रखे गुरुदेव विजयानंदसूरी महाराज (आत्माराम महाराज) की चरण पादुका का धर्मधुरंधरसूरी महाराज दर्शन करेंगे।

## वृंदावन के मंदिर में लगा पोस्टर, भक्तों को सिर्फ मर्यादित कपड़े पहनकर आने की दी गई हिदायत

वृंदावन। उत्तर प्रदेश के वृंदावन में कई मंदिर हैं जिनको लेकर श्रद्धालुओं में बहुत श्रृद्धा है। वृंदावन में भक्त सप्त देवालयों के दर्शन भी करते है। इन्हीं सप्त देवालयों में से एक है श्री राधा दामोदर मंदिर, जिनकी खास महत्ता है। मंदिर में रोजाना सैंकड़ों की संख्या में भक्त दर्शन करने जाते है। इस मंदिर में भक्तों की बढ़ती संख्या के बीच मंदिर प्रशासन ने खास पोस्टर लगाया है। इस पोस्टर में मंदिर में आने वाले भक्तों को कपड़ों को लेकर खास हिदायत दी गई है। मंदिर प्रशासन द्वारा चस्पा किए गए पोस्टर पर लिखा गया है कि मंदिर में मर्यादित कपड़े पहनकर भक्त दर्शन करने आए। मंदिर प्रशासन ने भक्तों से प्रेमपूर्वक ये निवेदन किया है और इस संबंध में मंदिर प्रांगण में पोस्टर लगाया है। इस पोस्टर को लगाने के बाद से ही मंदिर लगातार चर्चा का विषय बन गया है। बता दें कि श्री राधा दामोदर मंदिर वृंदावन में काफी प्रसिद्ध मंदिर है। इस मंदिर में रोजाना बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने आते है। इस मंदिर में लगाए गए पोस्टर में प्रशासन ने सिर्फ हिदायत ही नहीं लिखी है बल्कि महिला और पुरुष के दो फोटो भी लगाए गए हैं जिनके जरिए बताया गया है कि किस तरह के कपड़ों को पहन कर मंदिर में दर्शन करने नहीं आना है। इन दोनों फोटो पर क्रॉस लगाए गए है। इस मंदिर के गोस्वामी जी का कहना है कि सनातन संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति हावी हो रही है। उसी का नतीजा है कि मंदिर में भी भक्त अमर्यादित कपड़ों को पहनकर आते है। उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि मंदिर में दर्शन करने आए तो संयम बरतते हुए ही आए। उन्होंने अन्य मंदिरों से भी अपील की है कि मंदिर में श्रद्धालुओं से अपील करें की मर्यादा का उल्लंघन ना करें। वैसे श्री राधा दामोदर मंदिर के अलावा अब तक ऐसा नियम किसी अन्य मंदिर ने लागू नहीं किया है।

## बेगूसराय में लोगों ने पत्थर, बांस-बल्ली से पुलिस टीम पर कर दिया हमला

बेगूसराय । बेगूसराय के भगवानपुर गांव में शराबियों की तलाश में पहुंची उत्पाद विभाग की पुलिस टीम और स्थानीय लोगों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पत्थर, बांस-बल्ली से हमला कर दिया। अपने बचाव में पुलिस ने हवाई फायरिंग करते हुए अपनी जान बचाकर दो लोगों को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब साढ़े 9 बजे उत्पाद विभाग की टीम एक तारीखाना में छापा मारने पहुंची थी। तभी भगवानपुर गांव निवासी गोविंद कुमार चौधरी व अनिरुद्ध कुमार को पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों को पकड़े जाने पर लोगों ने पुलिस का विरोध शुरू कर बांस-बल्ली से हमला करते हुए पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीण पुलिस टीम को खदेड़ने लगे। माहौल बिगड़ता देख पुलिस अधिकारी ने हवाई फायरिंग की और दोनों पकड़े गए व्यक्ति को साथ ले गई। गोलीबारी होते ही उस जगह भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पुलिस ने आत्मरक्षा में करीब आठ चक्र गोली चलाते हुए किसी तरह भाग कर जान बचाई। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना के एएस आई विनीत कुमार झा पहुंचकर घटना की जांच की एवं घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस एवं दो खोखा बरामद किया।

## सऊदी अरब में मौत के साढ़े चार महीने बाद युवक का शव भारत आया

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से काम करने सऊदी अरब गये युवक का शव साढ़े चार महीने के इंतजार के बाद भारत लाया गया है। अनुज की लगभग साढ़े चार महीने पहले सउदी अरब में मौत हो गई थी। अपने रिश्तेदार के साथ सऊदी अरब में काम करने गये अनुज से जब घरवालों का संपर्क टूटा तो इसे लेकर उनकी चिंता बढ़ गई थी। इसके कुछ दिनों के बाद रिश्तेदार से पता चला कि अनुज की मौत हो चुकी है। यह सुन कर बूढ़ी मां और परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

# नए संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति को न बुलाकर मोदी सरकार ने मर्यादा का अपमान किया: मल्लिकार्जुन खड़गे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर नए संसद परिसर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं करके भारत के राष्ट्रपति का कथित रूप से अपमान करने के लिए निशाना साधा और कहा कि भाजपा-आरएसएस सरकार के तहत औचित्य को प्रतीकात्मकता तक सीमित कर दिया गया है। इसको लेकर उन्होंने एक के बाद एक चार ट्वीट किये। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने भारत के राष्ट्रपति का चुनाव केवल चुनावी कारणों से दलित और आदिवासी समुदायों से सुनिश्चित किया है, जबकि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को नई संसद के शिलान्यास समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था।

खड़गे ने आगे कहा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की संसद भारत गणराज्य की सर्वोच्च विधायी संस्था है और भारत का राष्ट्रपति इसका सर्वोच्च संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि वह अकेले ही सरकार, विपक्ष और हर नागरिक का समान रूप से प्रतिनिधित्व करती हैं। वह भारत की प्रथम नागरिक हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनके द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि मोदी सरकार ने बार-बार मर्यादा का अपमान किया है। भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय भाजपा-आरएसएस सरकार के तहत प्रतीकवाद तक सिमट गया है। पीएम मोदी 28 मई 2023 को वीडी सावरकर की जयंती वाले दिन 64 हजार 500 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र के साथ त्रिकोणीय आकार की चार मंजिला इमारत को नए संसद भवन को समर्पित करने वाले हैं। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि स्पीकर ओम बिरला ने पिछले हफ्ते पीएम मोदी से मुलाकात की और उन्हें उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया।

## सेना के जवान भी बन सकेंगे अधिकारी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने भारतीय सेना में अधिकारियों के 10,000 रिक्त पदों को भरने के लिए सेना के जवानों को पदोन्नत देने का निर्णय लिया है। भारतीय सेना के तीनों अंगों में जो जवान कार्यरत हैं। जिनकी 10 साल की सेवा पूरी हो चुकी है। उन जवानों को जूनियर कमीशंड ऑफिसर के रूप में पदोन्नत करने का निर्णय रक्षा मंत्रालय ने लिया है। 10 साल की सेवा पूरी कर चुके सैनिकों को सर्विस सिलेक्शन बोर्ड की स्क्रीनिंग और मेडिकल परीक्षण से गुजरना होगा। सेना के सूत्रों का कहना है कि इस समय सेना में 7779, नौसेना में 1446 और वायु सेना में 572 अधिकारियों के पद रिक्त हैं। सेना में इन रिक्तियों को भरने के लिए अब सेना के जवानों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। सेना के जो भी जवान, 10 साल की सेवा पूरी कर चुके हैं। वह अधिकारी पद के लिए आवेदन कर सकेंगे। सर्विस सिलेक्शन बोर्ड आवेदन पर जांच और परीक्षण के बाद, जूनियर कमीशंड ऑफिसर के पद पर पदोन्नत दी जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए नियमों में परिवर्तन करने का प्रस्ताव बनाया है। इसे वित मंत्रालय के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। रक्षा मंत्रालय से जुड़ी संसदीय समिति ने इसकी अनुशंसा की है। जल्द ही सेना के जवान अब अधिकारी बन सकेंगे।

# बोम्मई ने सिद्धरमैया सरकार को भाजपा के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन के आरोप को साबित करने की चुनौती दी



**बेंगलुरु। (एजेंसी)।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार से सबूतों के साथ यह साबित करने को कहा कि पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के शासन के दौरान 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती थी। उन्होंने प्रदेश सरकार से भाजपा और कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान हुए कथित घोटालों या अनियमितताओं की जांच कराने और सच्चाई सामने लाने का आग्रह भी किया। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को '40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार' का आरोप लगाया था और इसे अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा भी बनाया था। बोम्मई ने कांग्रेस द्वारा भाजपा शासन के दौरान कथित घोटालों की जांच कराने की योजना के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, ''मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं-वे जांच करा लें।

उन्होंने 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया है, उन्हें अब इसे सबूतों के साथ साबित करना होगा। मैं मांग करता हूं कि सरकार में होने के नाते कांग्रेस हमें सभी सबूत दे और दिखाएं कि 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती थी।'' यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, ''ठेकेदार संघ ने 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाया था, मैं इसके अध्यक्ष केम्पन्ना को बताना चाहता हूं-वे (कांग्रेस) दावा कर सकते हैं कि कांग्रेस के सत्ता में 40 प्रतिशत कमीशन नहीं है-इसलिए यहां सभी परियोजनाओं में ठेकेदारों की निविदाओं में 40 प्रतिशत कम बोली होगी। यदि वे पहले की तरह समान निविदा राशि जारी रखते हैं, तो इसका मतलब है कि 40 प्रतिशत जारी है।'' बोम्मई ने कहा, ''तो केम्पन्ना की एक बड़ी जिम्मेदारी है, ठेकेदार संघ को अपने सभी ठेकेदारों को अपनी निविदा में 40 प्रतिशत कम बोली लगाने के लिए कहना चाहिए।''

पिछले भाजपा शासन के दौरान, राज्य ठेकेदार संघ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर सार्वजनिक कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन शुल्क का आरोप लगाया था। यह पूछे जाने पर कि क्या ठेकेदार संघ अब दस्तावेज जारी करेगा, बोम्मई ने कहा, ''करने दीजिए उन्हें... केम्पन्ना ने हालांकि अभी तक ऐसा नहीं किया है, उन्होंने इसे अदालतों में भी नहीं दिया है... लेकिन झूठे प्रचार (भाजपा के खिलाफ) में लिप्त हैं। कांग्रेस को इससे फायदा हुआ।'' पुलिस उप निरीक्षक (पीएसआई) भर्ती घोटाले की जांच कराए जाने के संबंध में उन्होंने कहा, ''उन्हें हर चीज की जांच कराने दें। हमने लोकायुक्त और सीआईडी को उनके (पिछले कांग्रेस) कार्यकाल के दौरान हुए घोटालों के मामले दिए थे...देखते हैं उनके कार्यकाल और हमारे (भाजपा) कार्यकाल में क्या हुआ, इसकी जांच होनी चाहिए और सच सामने आना चाहिए।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने रविवार को भारी बारिश के कारण हुई मौत पर भी दुख व्यक्त किया और कहा कि मौसम विभाग ने इसकी चेतावनी दी थी, लेकिन यह स्पष्ट है कि बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने कोई उपाय नहीं किया। उन्होंने कहा, ''मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करता हूं, हमने बेंगलुरु में एसडीआरएफ (राज्य आपदा मोचन बल) बनाया है, उन्हें तुरंत संवेदनशील स्थानों पर कार्य में लगाया जाए और उन जगहों पर उपाय किए जाएं जहां आने वाले दिनों में और अधिक बारिश के आसार हैं।

## 4 दिन से मुझे व मेरी पत्नी को मिल रहीं धमकियां-अश्लील मैसेज: समीर वानखेड़े



**– कोर्डेलिया क्रूज ड्रग भंडाफोड़ मामले में पूछताछ जारी**

**मुंबई (एजेंसी)।** अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को कोर्डेलिया क्रूज ड्रग भंडाफोड़ मामले में कथित रूप से 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में मुंबई एनसीबी के पूर्व प्रमुख समीर वानखेड़े से पूछताछ जारी है। इसी कड़ी में एनसीबी के पूर्व प्रमुख ने सोशल मीडिया पर धमकी मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मुझे और मेरी पत्नी को पिछले 4 दिनों से धमकी मिल रही है और सोशल मीडिया पर अश्लील मैसेज आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं इसके बारे में आज मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर विशेष सुरक्षा की मांग करूंगा। उन्होंने कहा कि 4 दिन से लगातार कुछ धमकियां आ रही हैं, जिसकी जानकारी मैं मुंबई पुलिस आयुक्त को दूंगा।

वानखेड़े ने कथित तौर पर आरोप लगाया है कि उन्हें और उनकी पत्नी, अभिनेता क्रांति रेडकर को अश्लील संदेश और धमकियां मिल रही हैं। सीबीआई ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की शिकायत पर 11 मई को कथित आपराधिक साजिश और जबरन वसूली की धमकी के अलावा भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत रिश्वतखोरी से संबंधित प्रावधानों के लिए वानखेड़े और चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

वानखेड़े ने बंबई उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर जबरन वसूली और रिश्वत के आरोपों को लेकर उनके खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को वानखेड़े को राहत देते हुए सीबीआई को निर्देश दिया था कि उनके खिलाफ 22 मई तक गिरफ्तारी जैसी कोई कठोर कार्रवाई न की जाए। आर्यन को तीन अक्टूबर 2021 को कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, आर्यन पर लगे आरोपों को सही साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य पेश करने में मादक पदार्थ-रोधी एजेंसी के नाकाम रहने पर बंबई उच्च न्यायालय ने उसे तीन हफ्ते बाद जमानत दे दी थी।

# मानहानि के मुकदमे में बीबीसी को हाई कोर्ट का नोटिस जारी

**–एक वृत्तचित्र में भारत, न्यायपालिका व पीएम मोदी की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने का आरोप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से दायर मानहानि के उस मुकदमे में सोमवार को नोटिस जारी किया, जिसमें दावा किया गया है कि उसके एक वृत्तचित्र में भारत, न्यायपालिका तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचायी गयी है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने बीबीसी (ब्रिटेन) के अलावा बीबीसी (भारत) को भी नोटिस जारी किया है और उनसे गुजरात के गैर सरकारी संगठन 'जस्टिस फॉर ट्रायल' की ओर से दायर मुकदमे पर जवाब देने को कहा है।

याचिका में कहा गया है कि बीबीसी (भारत) स्थानीय संचालन कार्यालय है और बीबीसी (ब्रिटेन) ने वृत्तचित्र 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' जारी किया, जिसके दो भाग हैं। एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि बीबीसी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा एक वृत्तचित्र के संबंध में दायर किया गया है, जिसने भारत तथा न्यायपालिक समेत उसके पूरे तंत्र की 'मानहानि' की है।

उन्होंने दलील दी कि वृत्तचित्र में प्रधानमंत्री पर आक्षेप भी लगाया गया है। वादी की तरफ से यह दलील दी गयी है कि यह वृत्तचित्र मानहानिजनक आरोप लगाती है और देश की प्रतिष्ठा पर दाग लगाती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि सभी स्वीकार्य तरीकों से प्रतिवादियों को नोटिस जारी की जाए। अदालत ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तारीख तय की है।

## दिल्ली में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी, पारा पहुंचा 43 डिग्री से ऊपर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इन दिनों झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। यहां सोमवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। आईएमडी ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पूर्वानुमान के मुताबिक दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हीट वेव की संभावना है। इसके अलावा, शहर में पूरे दिन 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज सतही हवाएं चलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है, पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चढ़ गया है। रविवार को नजफगढ़ में सबसे ज्यादा 46.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पीतमपुरा, रोहिणी, बवाना, आयानगर, रिज और पालम अन्य क्षेत्रों में तापमान 43.8 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच था। सफदरजंग वेधशाला ने अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो औसत से तीन डिग्री अधिक था।

भीषण गर्मी का दिल्ली शहर पर काफी प्रभाव पड़ा है, जिसके चलते दोपहर के समय सड़कों पर कम वाहन दिखाई दे रहे हैं। आमतौर पर व्यस्त रहने वाली सड़कें सुनसान नजर आई, लोग चिलचिलाती धूप से बचने के लिए आश्रय ढूंढते दिखे। पूरे दिन सापेक्ष आर्द्रता के स्तर में 25 प्रतिशत से 74 प्रतिशत के बीच उतार-चढ़ाव बना रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में रात का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय के औसत से तीन डिग्री कम है।

## 'आज तक दुनिया के किसी प्रजातंत्र ने अपनी संसद को नहीं बदला', आनंद शर्मा बोले- आजादी से जुड़ा है इसका इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को देश के नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। हालांकि, इसको लेकर राजनीति भी लगातार जारी है। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इसको लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कुछ साल पहले कोरोना महामारी के दौरान जब देश में त्राहि-त्राहि मची थी, तब नई संसद बनाने का फैसला किया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आज तक दुनिया के किसी प्रजातंत्र ने अपनी संसद को नहीं बदला है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संसद के शिलान्यास से राष्ट्रपति को बाहर करने के बारे में प्रमुख निर्णय लेना संवैधानिक रूप से सही नहीं है, अब उद्घाटन के लिए भी ऐसा हो रहा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जब नई संसद की नींव रखी गई तब भी राष्ट्रपति को दूर रखा गया और अब नए संसद भवन के उद्घाटन से भी राष्ट्रपति को दूर रखा जा रहा है। ये न्यायोचित नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री जी को राष्ट्रपति जी से आग्रह करके उन्हें उद्घाटन में बुलाना चाहिए। उन्होंने



कहा कि देश की संसद से भारत की आजादी का इतिहास जुड़ा है। वह केवल इमारत नहीं है। कहना आसान है कि संसद अंग्रेजों के समय बनी। लेकिन पैसा, कारीगर-मजदूर, इमारत में लगे पत्थर सब हमारे ही देश के थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आज जो सवाल उठाए जा रहे हैं, उसका जवाब सरकार को देना होगा।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों कराए जाने की मांग करते हुए सोमवार को कहा कि अगर ऐसा होता है तो इससे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दिखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सरकार में राष्ट्रपति का पद महज प्रतीकात्मक बनकर रह गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि संसद के नए भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं, बल्कि राष्ट्रपति मुर्मू को करना चाहिए।

# जिन्हें अपना माना, उन्होंने नहीं दिया साथ, कोरोना काल में भारत ही बना मददगार

**–पापुआ न्यू गिनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की ?शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** (ईएमएस)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जिन देशों को अपना माना उन्होंने कोरोना काल में साथ नहीं दिया, जबकि भारत ही उन देशों का मददगार बना जिन्हें उस समय मदद की खास जरुरत थी। पीएम नरेन्द्र मोदी ने पापुआ न्यू गिनी के प्रधान मंत्री जेम्स मारपे के साथ तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा कि कोविड महामारी का प्रभाव ग्लोबल साउथ देशों पर सबसे अधिक पड़ा। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, भुखमरी, गरीबी और स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां पहले से ही थी अब नई परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं जैसे, फ्यूल, फर्टिलाइजर और फार्मा आदि, इसकी सप्लाई में भी बाधाएं आ रही हैं। जिन्हें हम अपना मानते थे पता चला कि जरूरत पर वे हमारे साथ नहीं थे। इस कठिनाई के समय पुराना वाक्य सिद्ध हुआ कि 'ए फ्रेंड इन नीड इज ए फ्रेंड इन डीड'। इस समय 14 प्रशांत द्वीप देश शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत अपनी क्षमताओं के अनुरूप सभी साथी देशों की मदद करता रहा है। मैंने पहले भी कहा है मेरे लिए आप बड़े महासागरीय देश हैं, छोटे द्वीप राज्य नहीं। आपका महासागर ही भारत को आपके साथ जोड़ता है। भारत ग्लोबल साउथ की चिंताओं उनकी अपेक्षाओं और उनकी आकांक्षाओं को जी-20 के जरिए विश्व के समक्ष पहुंचाना अपना दायित्व मानता है। पिछले 2 दिनों में जी-7 समिट में भी मेरा यहीं प्रयत्न था।

पीएम मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भारत ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य आगे रखे हैं। मुझे खुशी है कि हम इन पर तेजी से काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूएन प्रधान सचिव के साथ मैंने मिशन लाइफ मतलब लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट लॉन्च किया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस और सीडीआरआई जैसे पहल किए हैं। मैं समझता हूं कि सोलर एलायंस के साथ ज्यादातर देश जुड़े हैं।

पापुआ न्यू गिनी के प्रधान मंत्री जेम्स मारापे ने भी आगामी शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं के सामने वैश्विक दक्षिण द्वारा सामना किए गए मुद्दों को प्रस्तुत करने के लिए जी-20 अध्यक्ष के रूप में कदम उठाने के लिए प्रधान मंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने




कहा कि हम सभी एक साझा इतिहास से आते हैं। उपनिवेश होने का इतिहास। इतिहास जो ग्लोबल साउथ के देशों को एक साथ रखता है। मैं आपको (प्रधानमंत्री मोदी) द्विपक्षीय बैठक में आश्वासन देने के लिए धन्यवाद देता हूं कि इस साल जब आप जी-20 की मेजबानी करेंगे तो आप वैश्विक दक्षिण से संबंधित मुद्दों पर वकालत करेंगे।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

# समस्या आपकी हमें भेजे

## अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा

## मोबाईल:-9879141480

## या फोटा,वीडियो हमें भेजे

### कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार
संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

### कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों
और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों
की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com